Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 208 | बुधवार, 30 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# प्रधानमंत्री ने कहा -दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने का दवाब नहीं दिया

## पीएम मोदी बोले: सिंदूर से सिंधु तक पाक पर किया बड़ा हमला

**नई दिल्ली।**



संसद का मानसून सत्र चल रहा है। आज संसद के दोनों सदनों यानी कि लोकसभा और राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा हुई। लोकसभा में कल चर्चा शुरू हुई थी जो आज भी जारी रही। आज लोकसभा में अमित शाह के साथ-साथ प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, केसी वेणुगोपाल जैसे वरिष्ठ नेताओं ने अपना वक्तव्य रखा। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में अपने विचार रखें। दूसरी ओरर राज्यसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर की पर चर्चा की शुरूआत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी शुरूआत की और बाद में कई वरिष्ठ नेताओं ने इस पर आगे की चर्चा को बढ़ाया। मल्लिकार्जुन खड़गे राजनाथ सिंह के बाद बोलने वाले दूसरे नेता थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम हमला भारत में दंगे फैलाने की साजिश थी, मैं देशवासियों का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच के समन्वय ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। गृह मंत्री ने कहा कि हुर्रियत नेताओं के साथ सरकार बातचीत करती थी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है तो उन्हें सदन में बोलना चाहिए कि भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने असत्य बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण विमानों का नुकसान हुआ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने इतिहास का पाठ पढ़ाया तथा उनके मां के आंसुओं तक की बात की, लेकिन यह नहीं बताया कि जब पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए थे तो ऑपरेशन सिंदूर को अचानक क्यों रोक दिया गया।

*प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाकर मीडिया में जगह ले सकते हैं, लेकिन देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस को आतंकवादी संगठनों का मुखौटा करार दिया और कहा कि मोदी सरकार उसके साथ कभी बातचीत नहीं करेगी। शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि एक समय था जब हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के नेताओं के साथ वीआईपी जैसा व्यवहार होता था और उनके लिए रेड कार्पेट बिछाया जाता था।*

## पहलगाम के गुनहगारों को मिट्टी में मिला दिया था: शाह

**नई दिल्ली।**



लोकसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन महादेव पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हमले में शामिल तीनों आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनकी पहचान सुलेमान उर्फ फैजल, अफगान और जिब्रान के रूप में हुई है। अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की उनके धर्म पूछकर हत्या की गई। यह एक बर्बर और अमानवीय घटना थी। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसी दौरान गृह मंत्री शाह ने बताया कि भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन महादेव चलाया, जिसमें तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकी में सुलेमान उर्फ फैजल जो कि लश्कर-ए-तैयबा का ए-ग्रेड कमांडर था, अफगान जो कि लश्कर का ए-ग्रेड आतंकी था और जिब्रान जो कि लश्कर का एक और खतरनाक आतंकी था। ये तीनों आतंकी बैसारन घाटी में हुए नागरिकों की हत्या में शामिल थे।

शाह ने कहा कि बैलिस्टिक रिपोर्ट मेरे हाथ में है। सुरक्षा विशेषज्ञों ने खुद मुझे फोन करके बताया है कि ऑपरेशन महादेव में मिली ये वही गोलियां हैं, जो पहलगाम में चलाई गईं थी। पहलगाम आतंकी हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों को यह बताना चाहता हूं कि मोदी सरकार ने आतंकियों को भी मारा और उन्हें भेजने वाले उनके आकाओं को भी मारा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में कोई ऐसी हिमाकत नहीं करेगा।

## बिजनेस के लिए 5 लाख नहीं, अब 25 लाख तक मिलेगा ब्याज मुक्त लोन

**लखनऊ।**



मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए दिए जाने वाले ऋण की राशि पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये तक करने की तैयारी की जा रही है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के सूत्रों के अनुसार इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार व गुरुवार को होने वाले दो दिवसीय युवा उद्यमी सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी घोषणा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर 24 जनवरी को योजना का शुभारंभ किया था। योजना के तहत दस वर्षों में प्रदेश के दस लाख युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी व ब्याज के दिया जा रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर पीएम की छवि बचाने को था


## राहुल बोले-लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस नेता ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना होने के बाद मैं करनाल में नरवाल जी के घर गया। उनके बेटे नेवी में थे और वो उफढत्र में थे। मुझे ऐसा लगा कि मैं अपने परिवार के साथ बैठा हूं। उन्होंने अपने बेटे का फोटो एल्बम दिखाया, उसके बारे में बताया कि वो बहुत हंसी-मजाक करता था। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चट्टान की तरह सरकार के साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि एक क्रूर हमला (पहलगाम), एक निर्दयी हमला जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तानी सरकार द्वारा आयोजित और सुनियोजित था। युवाओं और बुजुर्गों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी, इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर, पाकिस्तान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होते ही, बल्कि शुरू होने से पहले ही, विपक्ष ने, सभी दलों ने, यह प्रतिबद्धता जताई थी कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

## बिहार को मिली एक और वंदे भारत ट्रेन



**मुंगेर।**


जिले के लोगों को देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत से सफर करने के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जल्द ही जमालपुर जंक्शन से हावड़ा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होगा। मुंगेर सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने एक सप्ताह पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत का विस्तार जमालपुर तक किए जाने का आग्रह किया था। केंद्रीय मंत्री की पहल पर रेल मंत्रालय ने मुहर लगा दी है। साथ ही समय सारिणी भी जारी कर दी है। इस ट्रेन के चलने से जमालपुर से हावड़ा के लिए पांच ट्रेनें हो जाएगी। वर्तमान में हावड़ा के लिए चार एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही है। दरअसल, सांसद सह केंद्रीय मंत्री ने रेलमंत्री से मुलाकात कर भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत का विस्तार जमालपुर तक करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि इसके चलने से मुंगेर प्रमंडल के लोगों को सहूलियत होगी। यहां के व्यापारियों कारोबार भी बढ़ेगा।

> उम्मीद है कि बहुत जल्द ही वंदे भारत जमालपुर से हावड़ा के लिए दौड़ेगी

### विपक्ष पर जमकर बरसे राजनाथ सिंह

## 'भारत माता की मांग में शौर्य का सिंदूर, न डालें राजनीति की धूल'


**नई दिल्ली।**



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर तरह-तरह के सवाल उठा रहे विपक्ष को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आईना दिखाने का प्रयास किया। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का आरंभ करते हुए उन्होंने इस सैन्य कार्रवाई की सफलता का दावा दोहराते हुए कहा कि राजनीति के लिए बहुत से विषय हैं, लेकिन विपक्ष को सेना के शौर्य और पराक्रम पर राजनीति करने से बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत माता की मांग में शौर्य का सिंदूर है, उस पर राजनीति की धूल मत डालिए। रक्षा मंत्री ने सबसे पहले राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से जानकारी दी कि पहलगाम हमले से जुड़े तीन आतंकी सैन्य बलों ने मार गिराए हैं और हुंकार भरी, 'हम जो कहते हैं, वह करते हैं।' उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध हमारी नीति का प्रभावशाली प्रदर्शन है। राजनाथ ने कहा कि यह हमारे इतिहास का एक कटु सत्य है कि लगभग 800 वर्षों की गुलामी के बाद यह माना जाने लगा था कि हिंदुस्तान की जनता स्वभाव से आक्रामक नहीं है, बल्कि बेहद शांतिप्रिय है। एक राष्ट्र के चरित्र के लिए यह कितना अपमानजनक था। अब हम अपनी पहचान को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर उसी का एक उदाहरण है। उन्होंने धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि भारत की सांस्कृतिक विरासत ने कभी भी कमजोरी को बढ़ावा नहीं दिया। गोस्वामी तुलसीदास जी एक जगह कहते हैं, 'तुलसी मस्तक तब नवे, जब धनुष बाण लेउ हाथ..।' संप्रग काल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकियों ने भारत को एक साफ्ट स्टेट समझ रखा था। उनके दो-चार नौसिखिए रंगरूट आते थे और हमारे नागरिकों को हताहत करके चले जाते थे। पहले की सरकारें चुपचाप तमाशा देखती जा रही थीं।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का शिक्षक के खिलाफ मामला रद्द करने से इनकार

**मुंबई।**



महिला शिक्षिका ने अपने हाउसिंग सोसाइटी के महिला व्हाट्सएप ग्रुप में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को जलाते हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाते हुए वीडियो पोस्ट किया था। इसे लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में एक युवक ने याचिका दायर करके पुणे के कालेपदल पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी और फोटो पोस्ट करने पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने पुणे के एक स्कूल शिक्षिका के खिलाफ व्हाट्सएप ग्रुप पर अपमानजनक संदेश और तस्वीरें पोस्ट करने के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ ने कहा कि महिला शिक्षिका ने अपने संदेशों से गंभीर क्षति पहुंचाई है। संदेशों की विषय-वस्तु से स्पष्ट रूप से अपराध करने के इरादे का संकेत मिलता है। इसकी गहन जांच की आवश्यकता है। आरोपी महिला शिक्षिका ने अपने हाउसिंग सोसाइटी के महिला व्हाट्सएप ग्रुप में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को जलाते हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाते हुए वीडियो पोस्ट किया था

## नितिन गडकरी चिंतामणराव देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मंगलवार को जनसेवा के लिए चिंतामणराव देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राकांपा (शरदचंद्र पवार) अध्यक्ष शरद पवार ने पुणे स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सरहद द्वारा स्थापित यह पुरस्कार गडकरी को प्रदान किया। पवार ने गडकरी की बेबाक बातचीत और परियोजनाओं को लागू करने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की। पवार ने कहा कि बड़ी संख्या में सांसदों ने देश में परियोजनाओं को क्रियान्वित करने और सड़क नेटवर्क विकसित करने की गडकरी की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त किया है। कहा कि सांसदों के बीच गडकरी की लोकप्रियता इसलिए है कि क्योंकि वह पार्टी लाइन के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करते। उनका मानना है कि अच्छी सड़कें किसी भी देश की समृद्धि के लिए जरूरी शर्त हैं। महाराष्ट्र के मूल निवासी देशमुख 1943 में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने 1950 से 1956 तक वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया।



## संपादक की कलम से

# संसद में संयोग या प्रयोग

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर 12 बजे बहस आरंभ होनी थी, लेकिन विपक्ष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हंगामा करता रहा, लिहाजा दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसी दौरान करीब 12.30 बजे एक खबर आई कि कश्मीर में ऑपरेशन महादेव के तहत तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया। उनमें से एक आतंकी पहलगाम नरसंहार का मास्टरमाइंड बताया गया। करीब 1.32 बजे सेना की चिनार कॉर्प्स ने आतंकियों को मारने की पुष्टि की, लेकिन उनकी पहचान का खुलासा नहीं किया। अलबत्ता नाम जरूर बताए गए। करीब 2 बजे की खबर में दावा किया गया कि दो आतंकी पहलगाम नरसंहार में शामिल थे। इसी समय लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस शुरू हो गई। शाम 5 बजे सेना को जो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आतंकियों की पूरी पहचान ब्रीफ करनी थी, उसे अचानक ही रद्द कर दिया गया। फिर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीन आतंकियों को ढेर किए जाने की खबर सत्यापित की, लेकिन वे आतंकी कौन हैं? पहलगाम नरसंहार से उनका जुड़ाव क्या था? उनकी पहचान क्या है? वे पाकिस्तानी नागरिक हैं अथवा कश्मीर के ही स्थानीय आतंकवादी? इन सवालों को उपराज्यपाल ने जम्मू–कश्मीर पुलिस पर छोड़ दिया कि वह ब्रीफ करेगी और पहचान की पुष्टि करेगी। बहरहाल लोकसभा में देर रात तक बहस जारी रही। अब गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी को बोलना है। एक तरफ संसदीय बहस और दूसरी तरफ तीन आतंकियों का एक ऑपरेशन में मारे जाना, सुलेमान उर्फ हासिम मूसा को पहलगाम नरसंहार का सरगना मास्टरमाइंड करार देना, आतंकी हमले के 97 दिनों के बाद अचानक आतंकियों को घेर कर मुठभेड़ में मार देना, क्या यह संयोग है अथवा ऑपरेशन के स्तर पर कोई प्रयोग किया गया है? यदि पहलगाम के सरगना समेत तीन आतंकी ही मार दिए गए हैं, तो उनके स्पष्ट नामों और पहचान की पुष्टि अभी तक क्यों नहीं की गई? जिन स्थानीय जयचंदों ने मूसा की पहचान की है, तो वे अन्य का भी खुलासा कर सकते हैं, क्योंकि तीनों आतंकी पहले लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े रहे और अब द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बैनर तले सक्रिय रहे हैं। दरअसल यह राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की संप्रभुता से जुड़ी खबर है, सरकार और सुरक्षा बल इसे संयोग या प्रयोग की खबर क्यों बनाए हैं? अंतत: गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि ऑपरेशन महादेव के तहत तीन आतंकवादी ढेर किए गए। यह भी पुष्टि की कि तीनों आतंकी पहलगाम नरसंहार में लिप्त थे। एक संवेदनशील और विवादास्पद सवाल का जवाब सार्वजनिक हो सकता है कि अचानक आतंकी पहलगाम के उस घसियाले मैदान में कैसे घुसे? 26 बेगुनाह हत्याएं करने के बाद वे कहां गायब हो गए? धरती निगल गई या आसमान खा गया? क्या इन आतंकियों के निशाने पर अमरनाथ यात्रा भी थी? संसदीय बहस के दौरान इन सवालों पर न तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोई जवाब दिया और न ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोई स्पष्टीकरण दिया। शायद वह विदेश नीति पर ही केंद्रित रहे! रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहस का आगाज किया। यकीनन उनका वक्तव्य बिंदुवार रहा। उन्होंने उन तमाम घटनाओं का ब्योरा सिलसिलेवार रखा, जो 22 अप्रैल नरसंहार के दिन से 10 मई को संघर्षविराम की घोषणा तक देश के सामने आता रहा है। अच्छा हुआ कि इस युद्ध जैसे माहौल का ब्योरा संसद के रिकॉर्ड में भी दर्ज हो गया। बेशक भारत–पाक संघर्ष के दौरान ऑपरेशन सिंदूर ने अपने 100 फीसदी लक्ष्य हासिल किए। आतंकियों और उनके अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। हमारे पायलट तक सुरक्षित रहे। लड़ाकू विमान गिरने की बात रक्षा मंत्री ने एक रूपक के जरिए टाल दी। विदेश मंत्री जयशंकर ने संसद में यह महत्वपूर्ण सूचना रखी कि 22 अप्रैल से 17 जून तक प्रधानमंत्री मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। जाहिर है कि राष्ट्रपति ट्रंप का भारत–पाक में मध्यस्थता का दावा गोलगपाड़ा ही है। व्यापार की बात भी कैसे और किससे की जा सकती है? प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य के बाद इस संदर्भ में धुंधलके और भी साफ होंगे, लेकिन ढेर किए गए तीन आतंकियों के बारे में पूरी पहचान समेत सभी खुलासे यथाशीघ्र सामने आने चाहिए। यह देशहित में होगा। इस मसले पर पक्ष–विपक्ष को आपस में सहमति बनानी चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

# मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष

बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं। वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए। भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरूआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है।



बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर 'वोटों की चोरी' का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं। राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। असल में राहुल गांधी चुनाव आयोग और चुनाव मशीनरी को दबाव में लेना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे। और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भाजपा के सत्ता में आने के बाद 'संविधान बदलने का खतरा' होने का मुद्दा उठाया था। इससे कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी। उसी तरह विपक्ष लोगों के बीच वोट खोने का डर और चुनाव में गड़बड़ी का मुद्दा उठाकर बढ़त हासिल करना चाहता है। इससे वह सत्ता पक्ष पर दबाव बनाने के साथ-साथ जनता के बीच अपनी पकड़ भी मजबूत करना चाहता है। यदि जनता के एक प्रतिशत लोगों के मन में भी अपना 'वोट खोने का डर' पैदा हो जाता है तो इससे पूरा चुनावी गणित बदल सकता है। कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल पूरी तैयारी के साथ इसी 'रणनीति' पर काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## उदय किशोर साह



### हे त्रिपुरारी

कविता

कैलाश पर्वत पे बैठे हैं त्रिपुरारी
बसहा बैल है जिनकी सवारी
गरल पान है इनको ही प्यारी
झूम के नाचे शंकर संग गौरी

फूल बेलपात है इनका प्रसाद
भंग धतुरा भी लेते हैं साथ
भूत पिचास से है इनकी यारी
झूम के नाचे शंकर संग गौरी

देवो में देव हैं हमारे महादेवा
रे बालक कर भोले की सेवा
सर्प की माला में भोले भंडारी
झूम के नाचे शंकर संग गौरी

मस्तक पे चन्दा का है। वास
जटा में है माँ गंगे की निवास
हाथ में शोभे त्रिशूल है बड़ी भारी
झूम के नाचे शंकर संग महागौरी

मृगछाला है इनका प्रिय. पहिरावा
भक्तों के घर आते हैं जब हो बुलावा
आते हैं अर्शिवचन ले बसहा सवारी
झूम के नाचे हैं भोले शंकर संग गौरी

# ब्लड प्रेशर को नेचुरल तरीके से कंट्रोल करने के 3 आसान उपाय, डॉक्टर भी रह जाएंगे हैरान!

अगर आपको भी अचानक से आपका ब्लड प्रेशर हाई की समस्या होती है, तो आपको फौरन कुछ नेचुरल तरीके अपनाने चाहिए। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना डॉक्टर और दवा के हाई ब्लड प्रेशर को फौरन कंट्रोल कर सकते हैं। आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ में लोग अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सेहत संबंधी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से बीपी की समस्या बढ़ गई है।

हाई बीपी एक गंभीर बीमारी है और कई बार इसके लक्षण भी नहीं पता चलते हैं। लेकिन अगर समय रहते इसको कंट्रोल नहीं किया गया, तो कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। आज के समय में सिर्फ बड़े लोगों को ही नहीं बल्कि युवाओं को भी यह अपनी चपेट में ले रहा है। ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि ब्लड प्रेशर के हाई होने पर आपको क्या करना चाहिए कि यह फौरन कंट्रोल हो जाए। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं और अचानक से आपका ब्लड प्रेशर हाई हो गया है, तो आपको फौरन कुछ नेचुरल तरीके अपना सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिससे आप बिना डॉक्टर और दवा के हाई ब्लड प्रेशर को फौरन कंट्रोल कर सकते हैं।

**डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज:** डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम एक्टिव हो जाता है। इससे हार्ट रेट धीमी हो जाती है और ब्लड वेसेल्स को भी आराम मिलता है। कुछ मिनट तक ऐसा करने से ब्लड वेसेल्स जल्दी और नेचुरली तरीके से कंट्रोल हो जाता है।

**ठंडे पानी से धोएं चेहरे:** अगर अचानक से आपका बीपी बढ़ जाता है, तो आपको फौरन ठंडे पानी से चेहरे को धोना चाहिए। वही पैरों को कुछ देर के लिए ठंडे पानी में भिगोना चाहिए। इससे ब्लड वेसल्स सिकुड़ती है। ऐसा करने से दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायता मिलती है। साथ ही यह चिंता और तनाव कम करता है।


**नींबू पानी पिएं:** जब भी आपका बीपी बढ़ जाए, तो आपको नींबू पानी पीना चाहिए। इसमें आपको चीनी और नमक नहीं मिलाना है। सादा नींबू पानी पीने से शरीर में पोटैशियम की कमी पूरी होती है। पोटैशियम से सोडियम को कंट्रोल किया जा सकता है। इससे ब्लड वेसेल्स को भी आराम मिलता है। यह ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करने में मदद करता है।



# प्री वेडिंग शूट के लिए परफेक्ट हैं ये जगहें, रॉयल्टी और रोमांस के लिए दिखेगा दोगुना

अगर आप भी अपनी लव स्टोरी को कैमरे में यादगार और रोमांटिक लम्हे के तौर पर कैप्चर करना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की सबसे बेहतरीन प्री-वेडिंग फोटोशूट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**उदयपुर:** राजस्थान का उदयपुर शहर रॉयल लव स्टोरी के लिए बेस्ट माना जाता है। यहां पर सिटी पैलेस, पिछोला और जग मंदिर के बीच कपल प्री वेडिंग शूट करा सकते हैं। यहां महलों की भव्यता और पारंपरिक राजस्थानी टच आपकी तस्वीरों के आकर्षण को बढ़ा सकती है। दिन के समय झील और शाम को रिफ्लेक्शन फोटो आइडिया को कपल अपना सकते हैं। मार्च से अक्तूबर के बीच उदयपुर प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है।



**लेह-लद्दाख:** लेह-लद्दाख में एडवेंचर और रोमांस के कॉम्बिनेशन के साथ प्री वेडिंग शूट कर सकते हैं। इसके लिए कपल लद्दाख के हेमिस जा सकते हैं। यहां पर एक प्रसिद्ध बौद्ध मठ और राष्ट्रीय उद्यान है। यहां का नीला आसमान, बर्फ से ढके पहाड़ और खुला मैदान आपकी तस्वीरों में खूबसूरत रंग भर देंगे। आपको ट्रेडिशनल शूट से लेकर बाइक राइड तक का मौका मिलता है। कपल्स के लिए यह डेस्टिनेशन आइडियल है। ऐसे में मई से सितंबर के बीच लद्दाख में प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए जा सकते हैं।

**गुलमर्ग :** बर्फबारी के बीच फेयरीटेल वाइब्स और रोमांस के लिए गुलमर्ग को प्री वेडिंग शूट कर सकते हैं। यहां का वाइट बैकग्राउंड के बीच लाल रंग की ड्रेस में क्लासिक फोटो क्लिक करा सकते हैं। प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए स्की रिसॉर्ट्स और केबल कार व्यू परफेक्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बॉलीवुड फिल्मों जैसी तस्वीर और शॉट्स आसानी से क्लिक कर पाएंगे। यहां पर जाने के लिए दिसंबर से फरवरी तक का समय सबसे अच्छा है।

**केरल:** वहीं केरल में भी कपल बैकवॉटर में बोट लव थीम पर फोटोशूट करा सकते हैं। यहां कपल को हाउसबोट पर रोमांटिक पोज देने का मौका मिलेगा। वहीं नारियल के पेड़ों के बीच नैचुरल बैकग्राउंड में आपकी तस्वीर बेहतरीन इफेक्ट का काम करेगा। यहां पर प्री वेडिंग शूट क्लासिक और अलग बन जाएगा। केरल में आप अगस्त से मार्च तक कभी भी फोटोशूट के लिए पहुंच सकते हैं।

**हम्पी:** अगर आपको रस्टिक और कल्चरल थीम पसंद है, तो कर्नाटक का हम्पी शहर परफेक्ट जगह हो सकती है। यहां के खंडहर, प्राचीन मंदिर और रॉयल स्ट्रक्चर की वाइब्स कपल की कैमेस्ट्री और तस्वीरों की सुंदरता को बढ़ा सकती है। सिंपल कपड़ों में भी आपको एलिगेंस लुक मिल जाएगा। हम्पी आउटडोर प्री-वेडिंग के लिए नया ट्रेंड बन रहा है। हम्पी आने और प्री-वेडिंग शूट के लिए नवंबर से फरवरी का महीना बेस्ट टाइम हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर भड़की किसान यूनियन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** स्वास्थ्य विभाग की लगातार लापरवाही से नाराज होकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह से मिला।मंडल मुरादाबाद मीडिया प्रभारी रामोद कुमार प्रजापति, कार्यालय प्रभारी यशपाल राठी एवं युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारियों ने जच्चा-बच्चा की मौत और दिव्यांगों से दुर्व्यवहार जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नजीबाबाद में सिटी हॉस्पिटल और साहनपुर के एक अवैध नर्सिंग होम में डॉक्टरों की लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रही। दिव्यांग प्रमाणपत्र में घोर लापरवाही10 बजे की बजाय 2 बजे तक नहीं पहुंचे डॉक्टर, घंटों लाइन में खड़े रहे दिव्यांग यूनियन पदाधिकारियों ने सीएमओ को अवगत कराया कि हर सोमवार को बनाए जाने वाले दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए सुबह 10 बजे बुलाए जाने के बावजूद, डॉक्टर दोपहर 2 बजे तक भी नहीं पहुंचे। इससे कई विकलांग नागरिकों को घंटों धूप में इंतजार करना पड़ा।रामोद कुमार मंडल मीडिया प्रभारी व कार्यालय प्रभारी यशपाल राठी एवं युवा जिलाध्यक्ष आकाश डबास ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह अमानवीय व्यवहार जारी रहा तो यूनियन को सीएमओ कार्यालय पर धरना देने को मजबूर होना पड़ेगा।दबाव के चलते सीएमओ ने आनन-फानन में डॉक्टर को बुलाकर प्रमाणपत्र निर्माण शुरू करवाया, लेकिन सवाल ये है कि हर सोमवार ऐसा क्यों होता है? क्या दिव्यांगों का समय और सम्मान की कोई कीमत नहीं? अवैध वसूली, पद पर बने रहने को लेकर भड़की यूनियन पूर्व में भारतीय किसान यूनियन प्रधान में धरना देकर और अवैध उगाई को लेकर हटवा दिया था नोडल अधिकारी राजेंद्र विश्वकर्मा और उनके ड्राइवर को यूनियन ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा पर भी गंभीर आरोप लगाए। जानकारी दी गई कि पूर्व में सीएमओ ने उन्हें हटाने की बात कही थी, लेकिन वो आज भी नजीबाबाद तहसील में नोडल पद पर काबिज हैं।डॉ. राजेंद्र विश्वकर्मा पर आरोप है कि वह नजीबाबाद क्षेत्र में प्रतिमाह लगभग 10 लाख रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं। क्लीनिक, हॉस्पिटल, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर व अन्य माध्यमों से। यूनियन ने स्पष्ट कहा है कि यदि डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से नहीं हटाया गया, तो भाकियू (प्रधान) का बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनक्कड़ शोभित चौधरी अवनीश कुमार संजीव कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सौरभ सैनी को नगर अध्यक्ष व अंकित सैनी को युवा नगर अध्यक्ष चुना गया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धनौरा :** महाराज शूरसेन सैनी पार्क में सैनी समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के नए अध्यक्ष व नए युवा अध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें सौरभ सैनी को सर्वसैनी समाज की सहमति से निर्विरोध नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया व अंकित सैनी को युवा अध्यक्ष मनोनीत किया। सौरभ सैनी पूर्व में कमेटी के युवा अध्यक्ष भी रहे हैं और भी कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं।उन्होंने कहा की वह अपने पद का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्हें अध्यक्ष मनोनीत करने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी समर्थको ने ढोल बजाकर फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। बैठक में पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, राजेंद्र सैनी, सुनील सैनी, शंकर लालसैनी, बालकिशन सैनी, पूरन सैनी, संजीव सैनी, विनेश सैनी, एडवोकेट जयप्रकाश, शिवकुमार आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा हैं: एसडीओ वकार अहमद

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** एसडीओ शाहबाद गेट वकार अहमद ने कहा कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा हैं।

नवांगत एसडीओ वकार अहमद ने कहा कि सर्किल के बिजली घर क्षेत्रों में विद्युत चोरी अभियान चलाया जा रहा हैं ताकि बिजली चोरों पर समय रहते अंकुश लग सकें।उन्होने कहा कि जिन बिजली घर क्षेत्रों में लाइन लॉस की घटनाएं ज्यादा घटित हो रहीं हैं वहां विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा रहीं हैं। उन्होने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो गया हैं ऐसे में आम जनता से अपील की जाती हैं कि वह विद्युत पोलों व विद्युत बाक्सों के पास न खड़े हो और अपने बच्चों को भी ऐसी जगहों पर जाने से रोके क्योकि बरसात के मौसम में विद्युत पोलों व बाक्सों में करंट आ सकता हैं जिससे कोई जनहानि भी हो सकती हैं। उन्होने कहा कि बिजली विभाग क्षेत्र की अवाम को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का पूरा प्रयास कर रहा हैं लेकिन कुछ लोग अब भी बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं जिस कारण चैकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। उन्होने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की हैं कि वह बिजली चोरी बिल्कुल न करें और अपने घरो के बिजली उपकरणों को इस्तेमाल करने के बाद बंद कर दें। बिजली के बिलों का भुगतान समय रहते करें।बिजली संबंधी समस्या के बारे में उन्हे जानकारी दे ताकि उनकी समस्या का निराकरण किया जा सकें। उन्होने कहा कि जो बिजली उपभोक्ता डिफाल्टर हैं वह अपना भुगतान शीघ्र जमा करा दें नहीं तो विच्छेदन की कार्यवाही की जायेगी।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय के चार छात्रों ने यूजीसी नेट, जीआरएफ की परीक्षा पास की




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चाँदपुर के राजनीति विज्ञान विभाग ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित यूजीसी नेट एवं जीआरएफ परीक्षा (जून 2024 एवं 2025) के परिणामों में विभाग के मार्गदर्शन में चार छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इनमें सुधीश कुमार ने जीआरएफ, रघु प्रताप सिंह, मुकुल गौतम तथा नन्द राम ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के पीछे राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान का विशेष मार्गदर्शन और प्रोत्साहन रहा है, जो स्वयं नेट -जीआरएफ उत्तीर्ण हैं।दो बार यूपीपीसीएस साक्षात्कार में सम्मिलित हो चुके हैं तथा पूर्व में राजकीय डिग्री कॉलेज एवं पीजीटी पद पर चयनित रह चुके हैं।वे विभागीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगातार विद्यार्थियों को प्रेरित व मार्गदर्शित कर रहे हैं।महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि ग्रामीण एवं सामान्य पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा भी है कि निरंतर प्रयास और सही दिशा में मार्गदर्शन से बड़ी से बड़ी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रोफेसर दिनेश सिंह एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने भी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सर्किल के बिजली घर क्षेत्रों में विद्युत चोरी अभियान चलाया जा रहा हैं एसडीओ इरफान अहमद

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** एसडीओ किला इरफान अहमद ने कहा कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा हैं। नवांगत एसडीओ इरफान अहमद ने कहा कि सर्किल के बिजली घर क्षेत्रों में विद्युत चोरी अभियान चलाया जा रहा हैं ताकि बिजली चोरों पर समय रहते अंकुश लग सकें।उन्होने कहा कि जिन बिजली घर क्षेत्रों में लाइन लॉस की घटनाएं ज्यादा घटित हो रहीं हैं वहां विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा रहीं हैं। उन्होने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो गया हैं ऐसे में आम जनता से अपील की जाती हैं कि वह विद्युत पोलों व विद्युत बाक्सों के पास न खड़े हो और अपने बच्चों को भी ऐसी जगहों पर जाने से रोके क्योकि बरसात के मौसम में विद्युत पोलों व बाक्सों में करंट आ सकता हैं जिससे कोई जनहानि भी हो सकती हैं। उन्होने कहा कि बिजली विभाग क्षेत्र की अवाम को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का पूरा प्रयास कर रहा हैं लेकिन कुछ लोग अब भी बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं जिस कारण चैकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। उन्होने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की हैं कि वह बिजली चोरी बिल्कुल न करें और अपने घरो के बिजली उपकरणों को इस्तेमाल करने के बाद बंद कर दें।

बिजली के बिलों का भुगतान समय रहते करें। बिजली संबंधी समस्या के बारे में उन्हे जानकारी दे ताकि उनकी समस्या का निराकरण किया जा सकें।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर परिवार की ओर से चांदपुर प्रकरण में मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन दिया गया।जिस पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने तत्काल प्रभाव से पुलिस कप्तान को लिखित में आदेशित किया की वो जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करे, और आश्वस्त किया कि जल्द ही इस प्रकरण में उचित कार्रवाही की जाएगी। ज्ञापन देने में विभोर कौशिक एडवोकेट जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर, नगर अध्यक्ष पंडित तुषार शर्मा, नगर अध्यक्ष नगर बिजनौर, शोभा शर्मा वरिष्ठ समाज सेविका, मीनम शर्मा, शशि शर्मा, गीता अग्रवाल, गजेंद्र शर्मा, विनीत पंडित, पवन शर्मा , कृष्ण वीर फौजी, चांदपुर से नितिन नारायण वशिष्ठ, चांदपुर से अन्य ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित रहे।

# असेसमेंट कैंप में 41 बच्चों का नामांकन किया गया 20 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 29.07.2025 को समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा)के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र नजीबाबाद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री योगेंद्र कुमार जी के निर्देशन में एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्री राजमोहन जी की अध्यक्षता में व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्री लियाकत अली की देखरेख में मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया । परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के मेडिकल असेसमेंट कैम्प में 41 बच्चों का नामांकन किया गया । जिसमें से 20 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए ।

श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक मंदता वाले बच्चों को जिला अस्पताल बिजनौर रेफर किया गया डॉक्टर टीम में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इंद्रराज, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपा गोयल, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष पांडेय नैदानिक मनोवैस्वीक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आयुषी दीक्षित सी. एम .ओ. कार्यालय सहायक श्री क्षितिज कुमार जी , सहायक अध्यापक श्री शहरोज आलम, शिक्षक मोबीन हसन समग्र शिक्षा अभियान से स्पेशल एजुकेटर मुजफ्फर , रंजीत यादव, नाजिम खान ,उपासना सिंह ,बालकरण सिंह, बी. आर. सी कार्यालय के कर्मचारियों ने कैंप में आए बच्चों और अभिभावकों का विशेष सहयोग किया।

# पति ने की पत्नी की चाकू से गोंदकर बेरेहमी से हत्या

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा मे 55 वर्षीय नजाकत निवासी अलीपुरा ने अपनी 32 वर्षीय पत्नी साहिबा की घरेलू विवाद के चलते चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी और नजाकत ने खुद भी कीटनाशक दवाई खा ली थी जिसे अस्पताल ले जाया गया है और उसका इलाज चल रहा है बताया जा रहा है कि नजाकत की पहली पत्नी की मृत्यु हो गई थी और वह नजाकत की दूसरी पत्नी थी जो कि वह बिहार से लाया था और मृतक महिला के 6 बच्चे थे मृतक महिला घरों में खाना बनाने का काम करती थी और अपने बच्चों का गुजारा करती थी सोमवार की रात को लगभग 11:00 बजे सूचना मिलते ही तत्काल वर्तमान प्रधान अलीपुरा मोहम्मद आसिफ मौके पर पहुंचे और महिला को घायल अवस्था में अपनी निजी एंबुलेंस मे सीएचसी नजीबाबाद लेकर गए वहां पर चिकित्साको ने महिला को मृत घोषित कर दिया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति नजाकत को तत्काल हिरासत मे ले लिया फिलहाल पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और घटना के कारणो का पता लगाने की कोशिश की जा रही है पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही मे जुट गई है गांव वालों ने बताया की ग्राम प्रधान मोहम्मद आसिफ कई सालों से अपने निजी एंबुलेंस से लोगों की निःशुल्क सेवा कर रहे है।

## रामपुर के समस्त थाना प्रभारियो द्वारा 243 ग्रामों में स्थानीय लोगो के साथ गोष्ठी कर 11,421 व्यक्तियों को जागरूक

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** विगत कुछ दिनों से जनपद रामपुर में ड्रोन उड़ते देखे जाने सम्बन्धी सूचनाएँ स्थानीय जनता के व्यक्तियो एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म से प्राप्त हो रही हैं । आसमान में ड्रोन देखे जाने की सूचनाओं को लेकर जनता के लोगों में भय एवं असमंजस की स्थिति बनी हुयी है ।जिसके सम्बन्ध में अभी तक की जानकारी से जनपद रामपुर में असामान्य रूप से आसमान में ड्रोन देखे जाने की स्पष्ट रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है ।जनपद के सभी थानो में ड्रोन सम्बन्धी अफवाहो पर अंकुश लगाए जाने हेतु सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा निरन्तर रूप से ग्रामो में भ्रमण कर जागरूक किया जा रहा है जनपद रामपुर के समस्त थाना प्रभारियो द्वारा 243 ग्रामों में स्थानीय लोगो के साथ गोष्ठी कर 11,421 व्यक्तियों को जागरूक किया गया तथा ऐसी स्थिति में आमजन द्वारा क्या किया जाये और क्या न किया जाये के सम्बन्ध में अवगत कराया गया ।



# प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने विद्यालय का किया निरिक्षण

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** कपिल देव अग्रवाल, माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री बिजनौर द्वारा बिजनौर भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड हल्दौर के ग्राम अम्हेड़ा स्थित डॉक्टर आत्माराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया।उन्होंने कक्षा एक के बच्चों से बोर्ड पर बनी आकृतियों के बारे पूछा, जिस पर आकृतियों के दुरूस्त नाम बताए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को मिड डे मील के अंतर्गत दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच करने के लिए भोजन को स्वयं खाकर देखा, भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई परंतु उन्होंने बच्चों को थोड़ा हल्का तीखा खाना देने के लिए निर्देशित किया। तदोपरान मंत्री जी द्वारा विद्यालय में स्थित एस्ट्रोनॉमी लैब का निरीक्षण किया गया जहां पर कक्षा 7 की छात्रा कुमारी आरुषि द्वारा माननीय मंत्री जी को पाचन तंत्र एवं उनके द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया जिस पर माननीय मंत्री जी ने हर्ष व्यक्त किया। उसके बाद उनके द्वारा एस्ट्रोनॉमी लैब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर अध्यापक द्वारा बताया गया कि बच्चों को कंप्यूटर कोडिंग लैंग्वेज तथा चैट जीपीटी का उपयोग सिखाया जा रहा है, जिस पर उन्होंने कंप्यूटर अध्यापक की सराहना की।

इस अवसर पर माननीय विधायक सदर श्रीमती सूचि चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिला अधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह अन्य विभागीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नगर परिषद गंगापुर सिटी में 'फाईल' खेल! रिकॉर्ड से गायब सरकारी दस्तावेज, जिम्मेदार मौन

वेलकम इंडिया

**गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर)।** नगर परिषद गंगापुर सिटी एक बार फिर विवादों में है। पहले नौ मंजिला अवैध निर्माण और अब सरकारी दस्तावेज ह्यगायबह्न होने का मामला सुर्खियों में है। हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली हाईकोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर उर्फ राजा भईया ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए खुलासा किया है कि एक भूखंड से संबंधित पूरी पत्रावली नगर परिषद के रिकॉर्ड से ही गायब है और सबसे हैरानी की बात यह है कि खुद नगर आयुक्त ने फळक जवाब में यह स्वीकार किया है। फळक आवेदक गुरूप्रकाश द्वारा भूखंड संख्या 194, नसिया कॉलोनी से जुड़ी जानकारी मांगी गई थी। जवाब में नगर आयुक्त ने पत्रांक



1929 दिनांक 26 जून 2025 को लिखित रूप से बताया कि फाईल रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है। सवाल उठता है जब एक सरकारी कार्यालय से इस तरह सरकारी दस्तावेज ही 'गायब' हो जाएं तो जनता क्या उम्मीद करे? एडवोकेट तोमर का कहना है कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि एक आपराधिक कृत्य है। उन्होंने कहा, ₹लोकसेवकों की यह



जिम्मेदारी होती है कि वे अभिलेखों की रक्षा करें। यहां फाईल गायब हो रही है, और नगर परिषद उसे सामान्य घटना बताकर टाल रही है। यह भ्रष्टाचार की बू नहीं, सीधा प्रमाण है।₹ इतना बड़ा मामला सामने आने के बावजूद नगर परिषद के किसी भी अधिकारी ने न तो ऋकफ दर्ज करवाई और न ही आंतरिक जांच शुरू की। उल्टा, मामला दबाने की कोशिशें की जा रही हैं। तोमर ने एडिशनल एसपी, कोतवाली थाना प्रभारी और नगर परिषद आयुक्त को लिखित शिकायत भेजकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामला परिवाद दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन नगर परिषद के भीतर अभी भी सन्नाटा है। क्या किसी बड़े नाम को बचाने की कोशिश की जा रही है? यह पहला मामला नहीं है जब गंगापुर सिटी की नगर परिषद पर सवाल उठे हों।

इससे पहले भी दो मंजिला भवन की स्वीकृति पर नौ मंजिला इमारत बनने का मामला सामने आया था। उस समय भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब देखना यह है कि सरकारी फाईल गायब होने जैसी गंभीर चूक पर कोई जिम्मेदार ठहराया जाएगा या फिर मामला एक और फाईल की तरह 'दबा' दिया जाएगा?


# बिना किसी वैध कारण के नाम काटने का आरोप, तीन सदस्यीय टीम गठित

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ब्लॉक के ग्राम जातेडीहा दुबौलिया की रहने वाली सोमैया खातून ने ग्राम पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व डीपीआरओ सहित सहायक विकास अधिकारी पंचायत सेमरियावां से शिकायत की है कि बिना किसी वैध कारण के उसका नाम परिवार रजिस्टर से हटा दिया गया है। जबकि वह स्वर्गीय जुबेर अहमद की पहली पत्नी रेहाना खातून से जन्मी संतान है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीओ पंचायत दीप श्रीवास्तव ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की है।

प्राप्त शिकायत के अनुसार, सोमैया खातून की मां रेहाना खातून और पिता जुबेर अहमद के बीच



विवाह के बाद तलाक हो गया था। सोमैया खातून अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। तलाक के बाद भी उसका नाम परिवार रजिस्टर भाग-1 में विधिवत दर्ज था। शिकायतकर्ता के अनुसार, वर्ष 2022 में उसका नाम बिना किसी सूचना या कारण बताए परिवार रजिस्टर से हटा दिया गया। इस अनियमितता को लेकर सोमैया ने ब्लॉक और जिला स्तर पर कई बार लिखित शिकायतें दीं, लेकिन अब तक न तो उसका नाम बहाल किया गया और न ही यह बताया गया कि आखिर उसका नाम रजिस्टर से किसने और क्यों हटाया। सोमैया ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए पंचायत सचिव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विकास खंड सेमरियावां के एडीओ पंचायत दीप श्रीवास्तव ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित कर 15 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

# खानपुर नगर में भारतीय किसान यूनियन भानु का विस्तार, साजिद बने युवा नगर अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन भानु के युवा मेरठ मंडल अध्यक्ष गौरव प्रधान (सौहरखा) व युवा जिलाध्यक्ष गौरव नागर के नेतृत्व में मंगलवार को खानपुर नगर में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगरवासियों ने गौरव प्रधान का फूल-मालाओं से स्वागत किया और भोले शंकर की तस्वीर भेंट की। कार्यक्रम के दौरान गौरव प्रधान ने साजिद भाई को भारतीय किसान यूनियन भानु का युवा नगर अध्यक्ष खानपुर नियुक्त किया, जबकि सलमान, तालिब, शोएब, सोहेल, इश्तियाक, दिलशाद खां, अकरम, इस्लाम समेत कई अन्य युवाओं को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर ₹जय जवान जय किसान₹ व ₹भारतीय किसान यूनियन भानु ज़िंदाबाद₹ के नारे गूंजते रहे। सभी नवसदस्यों ने संगठन के प्रति निष्ठा व पूर्ण लगन से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रूपकिशोर शर्मा (रूपा प्रधान), पं. राजीव शर्मा, पं. मयूर शर्मा, विष्णु शर्मा, अनुज शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, बुलंद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. धर्मेंद्र शर्मा, ललित शर्मा एडवोकेट, अंकित चौधरी, फुरकान खां, शिवा राणा, ललित, साजिद, शौकीन, कृष्ण कुमार लोधी, आबिद सहित अनेकों किसान मौजूद रहे।

# जय श्री राम सेना संगठन वाराणसी द्वारा कांवरिया और शिवभक्तों को प्राथमिक उपचार और फलाहार का वितरण किया

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** जय श्री राम सेना संगठन वाराणसी के द्वारा सावन मास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लक्सा क्षेत्र में कांवरिया सेवा शिविर का किया गया आयोजन जिसमें लगभग तीन हजार से ज्यादा काशी में आए कावरियों एवं शिव भक्तों को निःशुल्क फलाहार, भोजन, फर्स्ट एड सुविधा, आश्रय स्थल एवं तमाम प्रकार की सुविधाएं दी गई जिनसे उनकी यात्रा सुगम और सुरक्षित रहें शिविर के शुरू होने से पूर्व डमरू दल के द्वारा जोरदार डमरू बजाया गया और संस्था के पदाधिकारियों नें पूजा और आरती उतारकर शिविर को शुरू कियो कांवरिया सेवा शिविर में देर शाम तक कावरियों और शिव भक्तों की काफी संख्या में भीड़ रहीं कार्यक्रम के उपरांत संगठन के द्वारा तमाम शिव भक्तों एवं कावरियों को फलाहार शरबत, ठंडई



एवं फर्स्ट एड उपचार की निशुल्क व्यवस्था की गई इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष रामदूत पुष्पेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष तरुण श्रीवास्तव अन्य कार्यकताओं में रोमित मोदनवाल, राहुल वर्मा, प्रिंस मोदनवाल, स्नेहल जायसवाल, अखिलेश धर, अनुज शर्मा, धैर्य श्रीवास्तव, तन्मय, नैतिक आदि लोग उपस्थित रहे।

# 30 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

वेलकम इंडिया

**बुलन्दशहर।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कॅरियर सेण्टर, बुलन्दशहर द्वारा दिनांक 30 जुलाई 2025 को प्रातः 11:00 बजे से एक रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला जिला सेवायोजन कार्यालय, निकट विकास भवन, बुलन्दशहर में आयोजित होगा।

इस रोजगार मेले में लगभग चार निजी क्षेत्र की कंपनियाँ भाग लेंगी, जो तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती करेंगी। चयन की प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। पात्रता के रूप में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियाँ आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेला में लगभग 400 पदों पर भर्ती संभावित है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट १ङ्कनँ१२ल्र्लें.४स्र्.ॅङ्म५.ल्ल अथवा ल्लू२.ॅङ्म५.ल्ल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अधिक से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों से रोजगार मेला में प्रतिभाग करने की अपील की है ताकि वे अपने लिए उपयुक्त रोजगार का अवसर प्राप्त कर सकें।


# सावन में दूध की मांग का फायदा उठाने की साजिश नाकाम, नकली दूध बनाने का केमिकल बरामद



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** सावन के पावन महीने में दूध की बढ़ती मांग को देखते हुए मिलावटखोर सक्रिय हो गए थे, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इस साजिश को समय रहते विफल कर दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र की मंडी चौकी अंतर्गत स्याना रोड पर नकली दूध तैयार करने के गोरखधंधे का मंगलवार को भंडाफोड़ हुआ। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके से 2200 लीटर नकली दूध बनाने वाला केमिकल और 150 कैन एसिड जब्त किया है। विभाग के अनुसार इन पदार्थों का इस्तेमाल मिलावटी दूध बनाने में किया जा रहा था, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक हो सकता था। सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) विनीत कुमार ने बताया कि यह छापेमारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। मौके से लिए गए सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। प्रारंभिक परीक्षण में यह सामने आया है कि केमिकल का उपयोग खतरनाक मिलावट के लिए किया जा रहा था।फिलहाल खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है कि यह केमिकल कहां से मंगवाया गया और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। विभाग नेटवर्क की गहराई तक जांच कर रहा है। सावन जैसे धार्मिक अवसर पर लोगों की आस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# अपंजीकृत क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की सील, झोलाछापों में हड़कम्प




वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर में अवैध रूप से चल रहे अपंजीकृत क्लिनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार की शाम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डॉ. विपिन कुमार ने अनूपशहर बाईपास-अहार बाईपास रोड पर संचालित आकाश क्लीनिक सील कर दिया गया। क्लीनिक संचालक अधिकारियों को पंजीकरण संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद ही सील करने की कार्रवाई की गई। साथ ही विभाग में दस्तावेज दिखाने के संबंध में संचालक को तय समय सीमा का नोटिस भी जारी किया है। वहीं सील लगने के बाद अस्पताल के संचालक ने दुकान का दूसरा शटर खोलकर मरीज देखे जिसकी शिकायत फिर से किसी व्यक्ति ने स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों से कर दी जिसके बाद अपंजीकृत क्लीनिक के दूसरे शटर पर भी सील लगा दी गई। सोमवार को शाम नगर की नई बस्ती के निकट स्थित आकाश क्लीनिक के नाम से संचालित अपंजीकृत क्लीनिक पर अचानक सीएचसी प्रभारी डॉ विपिन कुमार पहुंचे और क्लीनिक के दस्तावेज तलब किये। दस्तावेज न मिलने पर सीएचसी प्रभारी ने क्लीनिक पर सील लगा दी।

# स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी एक क्लीनिक सील

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर में अवैध रूप से बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे क्लीनिक व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी की इस दौरान क्लिनिक संचालक अपने-अपने क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक महिला क्लिनिक को सील कर दिया व अन्य कई क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। गंगेरू मार्ग पर चल रहे अवैध रूप से क्लिनिको पर छापेमारी नहीं होने से मामला चर्चा का विषय बना रहा। नगर में सैकड़ो की संख्या में झोलाछाप चिकित्सकों ने बिना रजिस्ट्रेशन के अपने क्लीनिक खोल रखे हैं। जिन पर झोलाछाप डॉक्टर भोले, भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर नीली पीली दवाइयां के सहरे उनका इलाज कर रहे हैं। कई बार लोग झोलाछाप चिकित्सकों के शिकार होकर अपनी जान गवा बैठते हैं। मंगलवार को



स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी अश्विनी शर्मा अपने टीम के साथ नगर में पहुंचे और पंजाब नेशनल बैंक के समीप एक महिला क्लीनिक की जांच की जिसका रजिस्ट्रेशन नहीं मिलने पर महिला के क्लिनिक को सील कर दिया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम में अपेक्स हॉस्पिटल सहित अन्य कई क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी किए है। कस्बे के गंगेरू मार्ग पर झोलाछाप चिकित्सकों ने अपने बड़े-बड़े क्लीनिक और अस्पताल खोल रखे हैं जिन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम छापेमारी करने के लिए नहीं पहुंची। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की सूचना के बाद क्लीनिक संचालक अपने-अपने अस्पताल व क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। गंगेरू मार्ग पर छापेमारी नहीं होने से मामला चर्चा का विषय बना रहा। नोडल अधिकारी अश्विनी शर्मा का कहना है कि एक क्लीनिक को सील किया गया है अन्य कई संचालकों को नोटिस दिए हैं अभियान जारी रहेगा झोलाछाप चिकित्सको के विरुद्ध जल्दी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# घर में सो रही महिला के जेवरात व नगदी चोरी, मचा हड़कंप





वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में चोरों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर महिला के कानों से कुंडल और गले से जेवरात निकाल लिए पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि चोरों ने घर में रखी आलमारी से हजारों की नगदी उड़ा कर ले गए। पुलिस घटना को संदिग्ध मान कर जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी प्रवेज पुत्र इलियास ने बताया कि वह अपनी पत्नी तोशीबा वह दो बच्चों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी चोरों ने घुसकर उसकी पत्नी को नशीला पदार्थ सुंघाकर कानों के कुंडल सहित गले से सोने की हसली व अन्य जेवरात निकाल कर लें गए। जब पीड़ित ने घर में जाकर देखा तो अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से पंद्रह हजार की नगदी भी चोर चोरी कर लें गए। चोरी की घटना से गांव में हड़कंप की स्थिति बन गई और मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी है। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस टीम सहित पहुंचे और पीड़ित व्यक्ति व महिला से जानकारी की। पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि उसका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है पुलिस जांच कर रही है। जल्दी घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# चंबल नदी उफान पर, धौलपुर में खतरे के निशान से ऊपर

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** कोटा बैराज के कैचमेंट क्षेत्र में बीते दिनों हुई लगातार भारी वर्षा के चलते चंबल नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बैराज के गेट खोलकर बड़ी मात्रा में जल निकासी की जा रही है, जिसका सीधा असर धौलपुर जिले पर पड़ रहा है। मंगलवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया।

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मंगलवार स्वयं चंबल नदी के तट और पार्वती बांध पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है। आपदा प्रबंधन, चिकित्सा, जल संसाधन, विद्युत, पुलिस एवं अन्य



आवश्यक सेवाओं को अलर्ट पर रखा गया है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जाए और जरूरत पड़ने पर एहतियातन विस्थापन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार निगरानी रखें, राहत सामग्री, नाव, मोटरबोट और आपात चिकित्सा टीमों को तैयार रखें तथा किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नदी किनारे न जाएं, अफवाहों से बचें और प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं का पालन करें।

# अफवाहों पर ना दें ध्यान शान्ति बनाए रखें कस्बे में फ्लैग मार्च



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर .. दौलतपुर में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च के दौरान सीओ स्याना प्रखर पांडे ने कस्बे किया किया फ्लैग मार्च सीओ स्याना प्रखर पांडे ने शान्ति बनाए रखने की अपील की शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए मंगलवार को देर शाम सीओ स्याना प्रखर पाण्डेय, नरसेना थानाध्यक्ष रितेश सिंह व ऊंचागांव चौकी प्रभारी अविनाश सहित भारी पुलिस बल के साथ दौलतपुर ऊंचागांव में फ्लैग मार्च किया क्षेत्रिय अधिकारी ने व्यपारियों से भी बातचीत की तथा बताया कि किसी भी प्रकार अफवाह पर ध्यान ना दे दौलतपुर के मुख्य चौराहे से लेकर पूरे कस्बे में फ्लैग मार्च किया क्षेत्रीय अधिकारी प्रखर पांडे ने आम जनता से बातचीत करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रमक पोस्ट डालने वालों पर होगी कठिन करवावाई।

# वन विभाग और पुलिस की मिली भगत से प्रतिबंधित आम के पेड़ों का हुआ कटान

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर.**नरसेना थाना क्षेत्र के कमालपुर में लकड़ी माफियाओं ने प्रतिबंधित आम के लगभग आधा दर्जन पेड़ों को काट दिया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि मानो लकड़ी माफियाओं को वन विभाग के अधिकारियों का तो खौफ ही नही है। वन विभाग के वन मंत्री साहब का खौफ भी नहीं है। भले ही उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण के बड़े बड़े अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर थाना नरसेना क्षेत्र के कमालपुर में लकड़ी माफियाओं ने स्थानिया पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से बेखौफ होकर लगभग आधा दर्जन आम के पेड काट दिए इससे वन विभाग और पुलिस की कार्य शैली पर सवाल खड़े होते हैं। इतना ही नहीं पेड़ों को ऊपर से ही काट दिया गया है। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर हरे भरे पेड़ो को काटकर अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में लाद कर ले गए। अफसोस की बात यह है। कि वन विभाग को इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। *जब इस संबंध में वन विभाग के डिप्टी प्रमोद से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि हमें कटान की कोई जानकारी नहीं है।* लेकिन सवाल यह उठता है कि जब वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। तो कार्यवाही कब होगी ? इस मामले ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय निवासियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है। कि जब अधिकारियों की नाक के नीचे ये सब हो रहा है। तब पर्यावरण की सुरक्षा और वृक्षारोपण अभियान के सच्चे उद्देश्य को हासिल करना मुश्किल है

# चौरसिया समाज ने झांसी मे भव्य वाहन रैली का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** चौरसिया समाज ने मंगलवार को झाँसी में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम में नगर सदर विधायक पंडित रवि शर्मा, श्री संजय पटवारी जी व्यापार मंडल अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि श्री सतीश चौरसिया जी (एड.) बुन्देलखण्ड अध्यक्ष चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली रवाना की एवं जगह-जगह स्वागत किए गए बड़ा बाजार में रिंकू साहू गांधी रोड पर सोनू चौरसिया में रानी महल पर अनिल पार्वती लाइट वाले सिंधी चौराहे पर प्रियंका साहू ने स्वागत किया इस अवसर पर सोनू चौरसिया विकास चौरसिया सौरभ चौरसिया विक्की चौरसिया ऋषभ चौरसिया बाबूलाल चौरसिया संदीप चौरसिया चौरसिया समाज की समाज के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। रैली ने समाज की एकता और समर्पण का प्रदर्शन किया।

# एक्सपायरी पोषण किट मिलने से ग्रामीण नाराज

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बजहा के टोला नरखोरिया में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने लाभार्थियों को एक्सपायरी डेट का पोषण किट वितरण कर दिया।इसमें लाभार्थियों को दिसंबर 2024 में खराब हो चुके पोषाहर का वितरण किया गया है। इसको लेकर लाभार्थियों में भारी नाराजगी है। इस पर नाराज ग्रामीणों ने कहा, इसको खाने से बच्चों को फूड, पॉइजनिंग, उल्टी-दस्त, संक्रमण, बुखार और गंभीर कुपोषण जैसी समस्याएं हो सकती थीं। समय रहते अगर पैकेट चेक नहीं होते तो बड़ी समस्या हो जाती। ये सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि बच्चों की जिंदगी से सीधा खिलवाड़ है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर बच्चों को ही जहर परोसा जाने लगे तो फिर ये योजनाएं किसके लिए हैं।

इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बच्चों के अभिभावकों ने दोषियों को तत्काल निलंबित और बर्खास्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है, जब तक ऐसी लापरवाहियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक बच्चों की सुरक्षा सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेगी। इस मामले में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कहा कि मामला बहुत ही गंभीर है। मामले का वीडियो और जानकारी मेरे संज्ञान में आई है। अगर पोषाहार वाकई में एक्सपायरी पाया गया तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। बच्चों की सेहत से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दो सदस्य मामले की जांच कर रहे हैं।

# नगर निगम ने सीबीगंज में चलाया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** नगर निगम ने प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर बड़ा अभियान चलाया है। इस दौरान नगर निगम की टीम ने सीबीगंज के खलीलपुर में कई हजार रुपए की प्लास्टिक जब्त कर ली। इसके साथ ही प्लास्टिक का इस्तेमाल और बेचने वालों पर हजारों रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। टीम ने कई दुकानदार और व्यापारियों को भविष्य में प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी। इसके साथ ही प्लास्टिक से होने वाले दुष्ट परिणाम की जानकारी देकर भविष्य में प्लास्टिक ना इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक भी किया। दरअसल नगर निगम लगातार प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर बड़े पैमाने पर अभियान चला रहा है। इसी क्रम में आज नगर निगम की टीम सीबीगंज के खलीलपुर पहुंची।

जहां टीम ने छापेमारी कर काफी बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बरामद कर ली। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव पुंडीर की मौजूदगी में छापेमारी के दौरान प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर 7500 का जुमार्ना भी लगाया गया। इसके साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में द्वारा प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इस दौरान मौके पर एसबीएम टीम और परिवर्तन दल के कमांडो सुरक्षा और सहयोग प्रदान करते हुए दिखाई दिए।

# ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा बाइक को टक्कर लगने से दो लोग हुए घायल



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र का मामला सामने आया है जहां थाने के पास अटूटा की पुलिया के सामने नेशनल हाईवे सड़क पर रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना की जानकारी मिलने पर थाना बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया जहां घायलों में एक युवक हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव अलीपुर का निवासी बताया गया जबकि दूसरा बुलंदशहर जनपद के स्याना क्षेत्र से बताया गया।

# चोरों ने तीन घरों से नकदी व जेवर उड़ाए, सो रही महिला के गले से मंगलसूत्र खिंचकर ले भागें चोर

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र के मधवापुर टोला पुरैना गांव में सोमवार की रात चोरों ने तीन घरों को मे चोरी किया।चोर नकदी समेत आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात से गांव में दहशत है। क्षेत्र के पुरैना में रविवार को पटनेश्वरी व नंदनी के घर के लोग नेपाल के तौलिहवा में तौलेश्वर नाथ मंदिर गए थे। सोमवार शाम को घर पहुंचे। खाना खाने के बाद सब सो गए। पीड़िता ने बताया कि गांव का ही चोर छत के रास्ते घुसा और तीन जोड़ी पायल, झुमकी व 30 हजार रुपये चुरा ले गया। दूसरे घर में नंदनी बरामदे में सो रही थी। फाटक में ताला नहीं लगा था। फाटक खोल कर चोर अंदर घुसा। मोबाइल उठा ले गया। नंदनी के गले में सोने की माला खींचने लगा। उसी समय व जग गई और चिल्लाई। उसके थोड़ी देर बाद चोर अब्दुल्ला के घर पहुंचा। बरामदे में सो रही उसकी पत्नी महिना के गले से मंगल सूत्र खींच कर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि एक घर में चोरी की सूचना मिली है। महिला चोर का नाम भी बता रही है। तहरीर नहीं दी गई है। मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच की जा रही है।

# छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता पर दे विशेष ध्यान-हिमांशु गौतम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**




**हापुड़।** हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय टियाला व प्राथमिक विद्यालय असौडा विकासखंड हापुड़ का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय टियाला में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता परखी इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिए की कुछ छात्रों की शिक्षा पद्धति पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को दिए जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय असौडा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक गण उपस्थित मिले। सीडीओ ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। कक्षा एवं विद्यालय परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था सही पाई गई।

# कृषि विभाग में घुसकर कृषि अधिकारी को मिली धमकी

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन के सिकरी बाजार मे खाद की दुकान पर अवैध भंडारण के मामले में केस दर्ज होने के बाद आरोपी ने कृषि कार्यालय में पहुंचकर हंगामा किया।

इस मामले में कृषि विभाग की तहरीर पर सदर पुलिस ने आरोपी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी। जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल के मुताबिक 26 जुलाई को एक सूचना पर शिवम ट्रेडिंग कंपनी सिकरी बाजार विकास खंड लोटन द्वारा बिना किसी दस्तावेज के अन्यत्र जनपद से यूरिया लाकर गोदाम में भंडारित किया जा रहा था। इस दौरान जिला कृषि विभाग ने छापा मारा और बिना अभिलेखों के 550 बोरी यूरिया पकड़ी। इस मामले में मोहाना थाने में चार लोगों पर केस दर्ज करवाया गया। इसमें मैनुद्दीन उर्फ इरशाद अली उर्फ सुड्डू पुत्र जलालुद्दीन निवासी दुल्हा खुर्द टोला कठौतिया, मुलायम सिंह यादव निवासी दुल्हा जनूबी टोला दलदलहा थाना- मोहाना, संतोष कुमार निवासी सोनाबंदी जनपद महराजगंज एवं ट्रक ड्राइवर बहादुर निवासी बेलवाटीकर थाना घुघली जनपद महराजगंज संलिप्त थेः संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध उर्वरक आवश्यक वस्तु अधिनियम तहत थाना मोहाना में केस दर्ज कराया गया। इसी मामले को लेकर मैनुद्दीन उर्फ इरशाद अली उर्फ सुड्डू पुत्र जलालुद्दीन निवासी दुल्हा खुर्द टोला कठौतिया कार्यालय में ऊंची आवाज में बहस करने लगा तथा राजकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न कर हाथापाई का प्रयास किया। कार्यालय में उपस्थित अन्य कर्मचारियों द्वारा प्रतिरोध किया गया। अभद्रता एवं अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के साथ कार्यालय से बाहर निकल कर देख लेने की धमकी दी गई। इसके बाद जिलाधिकारी और सीओ को जानकारी दी गई। इसके बाद उसे लेकर थाने चले गए। इस संबंध में सदर थानाप्रभारी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके मैनुद्दीन को न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# हिंदी को सम्मान मिले - कवि संगम त्रिपाठी



कवि संगम त्रिपाठी

आज हिंदी की वर्तमान दशा चिंतन का विषय है। दुनिया का एकमात्र लोकतांत्रिक देश जिसकी अपनी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है वह भारत ही है। दुनिया में बहुत से देश है जहां कई भाषा व बोली है उसके बावजूद उनकी राष्ट्रभाषा है। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं और सभी भाषाएं ज्ञान देती है। आज हिंदी का विरोध अपने देश में हो रहा है वैसा तो विश्व के किसी देश में नहीं है जो कि सचमुच चिंतन का विषय है। हम अपनी भाषा को खोते जा रहे हैं और विश्व पटल पर स्थापित करने की बात बड़े गर्व से कहते हैं। पता नहीं हम अपने ही देश में अपनी भाषा को उसका वास्तविक सम्मान कब दिला पाएंगे। आप सभी साहित्य मनीषी साहित्यकार पत्रकार कलमकार व हिंदी प्रेमियों को इस दिशा में सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है और इस विषय को अपने - अपने प्रयासों से सत्ता के गलियारों तक अभिव्यक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है तभी अपनी भाषा अपनी संस्कृति बचेगी। कवि संगम त्रिपाठी ने विज्ञप्ति में बताया कि 13 सितंबर 25 को दिल्ली में हिंदी सम्मेलन व 14 सितंबर 25 को राष्ट्रभाषा अभिव्यक्ति सभा आयोजित किया जा रहा है।

# नेत्र सेवा से जन्मोत्सव बना समाज के लिए प्रेरणा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जब जन्म का उत्सव सेवा से जुड़ता है, तो वह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं रहता, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। आज का यह नेत्र शिविर एक सेवा-संकल्प है, जो अंधत्व से जूझ रहे लोगों के जीवन में रोशनी लाने का कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास है कि ऐसे शुभ अवसरों पर अधिक से अधिक लोग नेत्र सेवाओं का लाभ उठाएं और स्वस्थ दृष्टि के साथ जीवन का आनंद लें। यह भावपूर्ण विचार संजय अग्रवाल लोहे वालों ने अपने पोते हदान गर्ग के जन्मदिवस के पावन अवसर पर कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के प्रांगण में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए राजीव अग्रवाल ने कहा, कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा संचालित यह नेत्र सेवा प्रकल्प वास्तव में एक पुनीत कार्य है, जो उन लोगों के जीवन में प्रकाश ला रहा है जो वर्षों से अंधकार में जीने को विवश थे। यह केवल नेत्र चिकित्सा नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिस तरह से यह संस्थान नियमित रूप से ग्रामीण और जरूरतमंद जनमानस तक पहुंचकर नेत्र स्वास्थ्य की सेवाएं पहुँचा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। हमें गर्व है कि हम इस अभियान का हिस्सा बन सके और हदान गर्ग के जन्मदिवस पर यह सेवा कार्य एक नई सामाजिक चेतना को जन्म दे रहा है। श्री मुरली मनोहर अग्रवाल (सीए) ने अपने वक्तव्य में कहा, यह संस्था केवल नेत्र चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दृष्टिहीनों के जीवन में आशा और आत्मनिर्भरता की रोशनी भी पहुंचा रही है। यहाँ की कार्यप्रणाली, चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और मानवता के लिए किया जा रहा सतत प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय है। समाज के हर सक्षम व्यक्ति को ऐसे सेवा कार्यों से जुड़कर जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। निरूपम भार्गव, सह-सचिव, कल्याणं करोति, मथुरा ने संचालन किया। सुनील कुमार शर्मा ने शिविर की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आये कुल 387 रोगियों का पंजीकरण एवं परीक्षण किया गया, जिसमें से 101 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विषेष चिकित्सीय टीम द्वारा की गई। सभी रोगियों के लिए दवा, चश्मा, भोजन, पलंग-बिस्तर आदि की समस्त व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क की गई। इस अवसर पर मृणाल अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, रितेश गर्ग, राशि गर्ग, दीक्षा अग्रवाल, राजीव अग्रवाल तथा आयुष गर्ग, हिर्देष कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गाय के बछड़ो को फायर ब्रिगेड की टीम ने दिया जीवनदान




**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** सरयू-गोमती संगम तट के समीप गोमती पुल के निकट सरयू नदी मेंअचानक गाय के दो बछड़ो को सरयू नदी में देखा गया।जिसके बाद किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।सूचना मिलते ही एफएसओ गोपाल सिंह रावत ने तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर भेजा।जहा सरयू नदी उफान पर थी, नदी किनारे भयभीत अवस्था में एक-बछिया व एक बछड़ा घबराकर सरयू नदी की उफनती धारा के समीप पहुंच गए।तभी फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और सरयू नदी के जल के तेज प्रवाह में कार्य करते हुए फायर यूनिट के सदस्यों सहित अन्य दो स्थानीय व्यक्तियों के संयुक्त प्रयासों से गाय के बछड़ो को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया । फायर ब्रिगेड कर्मियों नेदोनों को चेयरनॉट की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला ।वही गौ सेवको ने फायर ब्रिगेड के अभियान की सराहना की।

# जानवरों से गलत काम करने वाला पकड़ा गया, पुलिस के सामने ही खंभे से बांधा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** शहर में पिछले कुछ दिनों से चोरों के आने का शोर मचा हुआ है। रात-रात भर जागकर लोग अपने घरों की रखवाली कर रहे हैं। भीड़ के हत्थे चढ़ने वाले किसी भी संदिग्ध शख्स की खैर नहीं। सोमवार देर रात भी बारादरी थाना क्षेत्र में चोर समझकर एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। बाद में पता चला कि युवक पशुओं के साथ रात के समय गलत काम करता था। युवक का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। मामला बारादरी थाना क्षेत्र के कांकर टोला इलाके का है। काली मस्जिद के पास लोगों ने एक युवक को देखा तो उसे दौड़ा दिया। जहां से वह हजियापुर होता हुआ गोसाई गोटिया स्थित भटियारों वाली मस्जिद तक आ पहुंचा। यहां लोगों की भीड़ ने उसे दबोच लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद डायल 112 व चीता पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने पुलिस को बताया कि युवक जानवरों के साथ गलत काम करते हुए भी देखा गया था। आसपास के सीसीटीवी में भी युवक पशुओं के साथ गलत काम करता देखा गया। जिसके बाद पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पाण्डेय ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। हैरानी की बात ये कि पुलिस के सामने ही लोगों की भीड़ ने पकड़े गए युवक के हाथ पैर बांध दिए। युवक का एक वीडियो भी वायरल है जिसमें उसको खंभे से बांधा गया है। इसके बाद खंभे से बंधीं रस्सियां खोलकर पुलिस के सामने ही लोग युवक के हाथ पैर बांध देते हैं। ये सब तमाशा पुलिस के सामने ही होता रहा लेकिन भीड़ के आगे पुलिस बेबस ही दिखाई दी।

## जसाला प्रकरण में अलग-अलग दो अभियोग दर्ज, खुलासे के लिए टीम गठित

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में अलग-अलग स्थानों पर चोरी व चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं के अभियोग दर्ज किए हैं। एसपी ने खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है, सर्विलास और एसओजी की टीम ने आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तलाश की। थाना क्षेत्र के गांव जसाला मैं रविवार की मध्य रात्रि गांव निवासी डॉक्टर फगन सिंह के बंद मकान में चोरों ने घुसकर चोरी का प्रयास किया था जाग होने पर बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज किया है। दूसरी और गांव निवासी वर्णिक चौहान ने बताया कि उसका चचेरा भाई सचिन एवं चाची शिक्षा देवी पत्नी चुहड सिंह शौर शराबा होने पर अपनी छत पर खड़े हुए थे और एक अज्ञात व्यक्ति से पूछा कि आप कौन हो कहां जा रहे हो तो एक व्यक्ति ने मां बेटे के ऊपर फायरिंग कर दी थी जिसमें वह घायल हो गए थे पुलिस ने अज्ञात में अभियोग दर्ज किया है।

# सावन मास के त्रितीय सोमवार को मुकंद मोहनेश्वर महादेव पर सजा रुई एवं घेवर का बंगला



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बी एस ए कालेज के पीछे हनुमान बगीची में सावन मास के त्रितीय सोमवार को मुकंद मौहनेश्वर महादेव मित्र मंडल द्वारा रुई एवं घेवर का बंगला सजाया गया। सुबह से मंदिर में जल चढ़ाने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। दोपहर 1बजे भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक किया और उसके बाद मौहनेश्वर महादेव को भव्य घेवर से सजाया गया। मुकंद मौहनेश्वर महादेव मित्र मंडल द्वारा डाक कांवर भी चढ़ाई गई। शाम को महाआरती कर फल वितरण कराया गया। तनुज के द्वारा महादेव को श्रंगार श्रंगार कराया गया। इस अवसर पर राजू पटेल, विकास खत्री, योगेश चौरसिया,विवेक सारस्वत, विष्णु शर्मा, वंशी सिंह, ओमप्रकाश सिंह,शनि पटेल, हरविलाश भगेल, रोहित पटेल, तनुज राजपूत, पप्पू ठाकुर, लाला आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम बाद स्थित जनपद के ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ग्राम बाद स्थित जनपद के ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वेयर हाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भण्डारण एवं सुरक्षा का मासिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस के आस पास साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों से वार्ता की तथा निर्देशित किया कि वेयर हाउस की सुरक्षा की ड्यूटी के कार्यों को जिम्मेदारी से निर्वहन करे, उक्त कार्य में लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डायरिया से मासूमों को बचा रहा है ओआरएस

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** डायरिया के प्रति जन जागरूकता के लिए मंगलवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैजा हॉस्पिटल में ओआरएस डे मनाया गया। जिसमें डायरिया के लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

इस मौके पर डॉ.ऋषिपाल सिंह ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायरिया के प्रति जागरूकता संबंधी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर के साथ बच्चों के साथ गोष्ठी की गई है। उन्होंने डायरिया के लक्षण, बचाव व ओआरएस और जिंक की उपयोगिता पर रोशनी डाली। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू भी सहयोग कर रहे हैं। डॉ.सिंह ने बताया कि अभियान की इस साल की थीम- ह्लडायरिया की रोकथाम सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यानह्व तय की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। डायरिया के लक्षण दिखते ही ओआरएस का प्रयोग शुरू कर देना चाहिए। स्थिति बिगड़ने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है। बच्चों कोा साफ-सफाई का ध्यान रखे। पानी को उबालकर ठंडा करने के बाद सेवन करें। कटे-फटे फल खाने से बचें।

## मुठभेड़ में दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गोली लगने से दोनों घायल




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में पुलिस ने लूट व छिनैती करने वाले दो शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैर में पुलिस की गोली लगी है। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो कारतूस, लूटा हुआ मोबाइल फोन व सोने के आभूषण बरामद कर लिए गए। लूट की घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। सीओ हाईवे नीलेश मिश्र ने बताया कि बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी बब्बू और शाहजहांपुर के सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी शानू ने कुछ दिन पहले बिथरी क्षेत्र में दंपती से लूट की घटना करना कबूल किया। बदमाशों ने स्वीकार किया कि अनिल गुप्ता नाम के सराफ को कुछ जेवर बेच दिए हैं। सराफ से पूछताछ की जाएगी। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। जिला अस्पताल में घायलों का उपचार कराया गया है।

# घर में झाड़ू लगा रही महिला के साथ मारपीट




वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद :** कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरगढ़ में मंगलवार की दोपहर एक युवती को घर में अकेला देखकर पड़ोस के तीन दबंग लोगों ने जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल बुलंदशहर ले जाया गया है। पीड़ित कुमकुम ने बताया कि अब से पूर्व में कई बार दबंग मारपीट कर चुके हैं। घायल युवती के पिता ने बताया कि घर के सभी सदस्य खेत पर अपने काम में व्यस्त थे। और उसकी बेटी घर में तभी पड़ोस के तीन दबंगों ने युवती के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित युवती के पिता ने जहांगीराबाद कोतवाली में दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त से सख्त कारवाई की मांग की है चौकी प्रभारी विशाल कुमार ने बताया की पीडित पक्ष मुकदमा दर्ज नहीं करना चाहता हमारे द्वारा कल ही उनको थाने पर भेज कर उनके मेडिकल के लिए भेज दिया गया था।

# सीबीगंज की काशीराम आवासीय कॉलोनी में बिजली चोरी का नया तरीका, विभाग खुद लगा रहा है विभाग को लाखों का चूना

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र की काशीराम आवासीय कॉलोनी बिजली चोरी का गढ़ बनता जा रहा है यहां कॉलोनी में वैध और अवैध तरीके से रहने वाले लोग बिजली चोरी के लिए रात होने का इंतजार नहीं करते, बल्कि यह दिन के उजाले में ही अपने कारनामों को अंजाम देते रहते हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि बिजली विभाग के कुछ अस्थाई कर्मचारी इस कॉलोनी में और इस कॉलोनी के आसपास रहते हैं, जिनको बिजली उपकेंद्र पर कार्यरत अधिशासी अभियंता का संरक्षण प्राप्त होता रहता है। यही कारण है कि इस तरफ कोई देखने ही नहीं आता, लाख शिकायतों के बाबजूद काशीराम आवासीय कॉलोनी की बिजली चोरी नहीं रोकी जा सकी है। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम कहने के लिए तो बड़े-बड़े दावे पेश करती है लेकिन हकीकत में वह भी इस कॉलोनी में झांकने तक नहीं आती। दरअसल वास्तविक खेल यह हैं कि इस कॉलोनी में जब कभी भी बिजली चोरी की घटना को पकड़ने के लिए कोई भी बिजली विभाग का अधिकारी इस तरफ कदम बढ़ाता है तो उसका पहला कदम बढ़ते ही मुखबरों द्वारा सूचना बिजली चोरों को मिल जाती है, जिस कारण जब मौके पर अधिकारी पहुँचते हैं तब उन्हे सब कुछ ठीक-ठाक नजर आता है और वह शिकायतकर्ता कि शिकायत को गलत साबित करते हुए अपनी पीठ थप-थपाते हुए वापस एसी कमरों में बैठने के लिए निकल जाते हैं। आपको बता दे की सीबीगंज की काशीराम आवासीय कॉलोनी के दो पॉकेट है पॉकेट ए तथा पॉकेट बी इन दोनों पॉकेटों में अवैध रूप से रहने वालों की संख्या बहुत अधिक है, इन अवैध रूप से रहने वाले लोगों द्वारा ऐसा कोई गलत काम नहीं है जो किया नहीं जाता, चाहे वह बिजली चोरी हो, जुआ हो या सट्टा, अवैध तरीके से सामानों का आदान-प्रदान भी यहां होता रहता है, कुछ दिन के उजाले में होता है, कुछ रात के अंधेरे में, जिसकी वजह से पास की ही सर्वोदय नगर कॉलोनी के लोग अक्सर परेशान होते रहते हैं। इस काशीराम आवासीय कॉलोनी में बिजली चोरी यहीं पर रहने वाले बिजली विभाग के अस्थाई कर्मचारी धड़ल्ले से करा रहे हैं, और वह खुले आम लोगों को हड़काते भी हैं कि बिजली चालानी है तो हमें महीना देना होगा नही तो बिजली भूल जाओ। ऐसे में अब देखा होगा कि बिजली विभाग के साथ स्थानीय पुलिस और प्रशासन इस कॉलोनी में रहने वाले अवैध लोगों द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगाम कस पाता है या नहीं।

## खुल गई ड्रोन की पोल, बरेली पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, अफवाहों पर ध्यान न दें

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** मेड इन चाइना लिखे खिलौना ड्रोन से कुछ जगह अराजक तत्वों ने लोगों को डराने का काम किया है। इससे ग्रामीण इलाकों में अफवाह फैली है कि चोर ड्रोन के जरिये घरों की स्थिति देखते हैं और फिर वारदात को अंजाम देते हैं। जबकि पुलिस जांच में अब तक कुछ भी ऐसा सामने नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक कुछ जगहों पर खिलौना ड्रोन मिले हैं, जिनमें कैमरा नहीं है और न ही इनसे रिकॉर्डिंग होती है। ऐसे में पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है कि ड्रोन महज अफवाह है, जिस पर विश्वास न करें। इसे लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि ड्रोन उड़ने की सूचनाएं निराधार और भ्रामक हैं। कुछ मामलों में बच्चों के खिलौने या सामान्य वस्तुओं को गलत समझकर ड्रोन के रूप में प्रचारित किया गया है। कुछ थाना क्षेत्रों में मेड इन चाइना खिलौना ड्रोन बरामद भी हुए हैं। जांच में पता लगा कि बैटरी चलित खिलौना हेलीकॉप्टर है, जिसकी कीमत करीब 800-1000 रुपये है। पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि अफवाहों पर विश्वास न करें। ड्रोन या किसी संदिग्ध गतिविधि से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर उसे बिना जांचे-परखे दूसरों के साथ साझा न करें। अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को अफवाहों से सावधान रहने के लिए प्रेरित करें। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो उसके साथ मारपीट अथवा दुर्व्यवहार न करें, बल्कि इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जो व्यक्ति जानबूझकर भ्रामक सूचनाएं या अफवाहें फैलाते हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस थाना बसईडांग, सोने का गुर्जा एवं सेवर पाली पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शाम जिले के बसईडांग व सोने का गुर्जा पुलिस थानों एवं सेवर पाली पुलिस चौकी का निरीक्षण कियो इस दौरान उन्होंने थानों पर पदस्थापित थानाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से इलाके सम्बन्धी जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इसके साथ ही मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रुम, मैस आदि का निरीक्षण कर थानाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिऐ इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा पुलिस थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएं तथा उसका समय से निस्तारण किया जाऐ इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाए, साथ ही उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा थानाधिकारियों को पुलिस की गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने सहित आदि को लेकर भी दिशा निर्देश दिऐ इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवर पाली के पास के इलाके में खतरे के निशान से ऊपर बह रही चम्बल नदी के तटवर्ती इलाके का मौका मुआयना भी किया और उपस्थित लोगों से संवाद कियो आमजन से चम्बल से बढते जलस्तर से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की समझाइश की इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी महेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# कांवरियों पर पुष्पों की वर्षा कर रातों के अंधियारे में स्वागत

वेलकम इंडिया

**जरवल, बहराइच।** श्रावण मास में लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए क्षेत्र से हजारों कावडियों का दल प्रति दिन जाता है जिनके स्वागत में नगर के बोल बम सेवा समिति के पदाधिकारियों का दल विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन करके सभी कांवरियों की सेवा भाव में लगा रहता है। चाहे वो भंडारे का प्रसाद व्यवस्था हो या चिकित्सकीय व्यवस्था।इस समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का दल कावडियों की सेवा करने में हमेशा तत्पर रहता है। इस बार भी नगर की बोल बम सेवा समिति ने लखनऊ बहराइच हाईवे पर इंडियन बैंक के पास एक चिकित्सीय व्यवस्था सहित एक विशाल भंडारे का आयोजन करके आने कांवरियों की तन मन से सेवा कर रहे है। इस अवसर पर हर्षित कसौधन,रौनक कसौधन महेंद्र कसौधन, पुष्पराज गुप्ता, डॉ आकाश गुप्ता, दीपक कसौधन, दुर्गेश कसौधन, श्यामू ज्वैलर्स, कृष्ण मुरारी कसौधन दीपू मिश्रा सहित सैकड़ों समिति के सदस्य मौजूद रहे।सभी समिति के पदाधिकारियों पुलिस प्रशासन ने आये हुए सभी कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।



# ताइक्वांडो चैंपियनशिप डीपीएस मोदीनगर के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

वेलकम इंडिया

■ इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिले के 17 विद्यालयों के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली ग्लोबल स्कूल, मवाना (मेरठ) द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में डीपीएस मोदीनगरके छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिले के 17 विद्यालयों के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।डीपीएस मोदीनगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने न केवल पदक हासिल किए, बल्कि अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में डीपीएस मोदीनगर के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यूकेजी के अविराज नेहरा और कक्षा 1 की आद्या त्यागी ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि कक्षा 9के हर्षित कुमार सैनी ने कांस्य पदक हासिल किया।इस सफलता में खेल प्रशिक्षक रिसव चौधरी का विशेष योगदान रहा। जिनके मार्गदर्शन और नियमित प्रशिक्षण से छात्रों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी ने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, नियमित अभ्यास और खेलों के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। डीपीएस मोदीनगर केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि खेलों और सह-पाठ्य गतिविधियों में भी छात्रों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपने सर्वांगीण विकासकी दिशा में आगे बढ़ सकें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एन सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन, समर्पण और निरंतर अभ्यास हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मैं विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ छुएँ।




# प्रदर्शनी से भारतीय हस्तशिल्प और बुनकरी को नई पहचान मिलती है-डॉ. शालिनी नैय्यर

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर ने गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं कार्यशाला की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजनों से भारतीय हस्तशिल्प और बुनकरी को नई पहचान मिलती है।उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक कला और हस्तनिर्मित वस्त्रों के संरक्षण के लिए प्रेरित भी किया।11वें ह्लराष्ट्रीय हैंडलूम दिवसह्व के अवसर पर विकास आयुक्त (हैंडलूम) कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सी.सी.एस. विश्वविद्यालय, मेरठ के सहयोग से गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मोदीनगर में एक भव्य प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका श्रीमती मंजू शिवाच उपस्थित रहीं उनके साथ श्रीमती अलका तिवारी भी मौजूद थीं,जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में महिला पंजाबी संगठन, मोदीनगर को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जो कि एक सराहनीय पहल रही। संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। उनके साथ हर्षिता चौधरी भी उपस्थित रहीं। डॉ. शालिनी नैय्यर ने आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजनों से भारतीय हस्तशिल्प और बुनकरी को नई पहचान मिलती है।उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक कला और हस्तनिर्मित वस्त्रों के संरक्षण के लिए प्रेरित भी किया।कार्यक्रम के संयोजकों में श्रीमती राखी शर्मा, डॉ. राखी मित्तल और डॉ. मीनू अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल रहीं।कॉलेज की प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रभावशाली रहा।

## के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में हुआ छात्र नेतृत्व का अलंकरण

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक प्रेरणादायक और गरिमामय अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को उनके–अपने दायित्व सौंपने और नेतृत्व के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजित किया गया, जिसने विद्यालय में एक उत्साही, गौरवपूर्ण और भावनात्मक वातावरण बना दिया। समारोह की शुरूआत उत्साह और उल्लास के साथ हुई, जहां विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निवेदिता राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल पद अलंकरण की औपचारिकता नहीं, बल्कि एक ऐसी शुरूआत है जो छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना को प्रज्वलित करता है। उन्होंने बताया कि यह मंच बच्चों को भविष्य का सशक्त नागरिक और समाज का मार्गदर्शक बनने का अवसर देता है। उप प्रधानाचार्या श्रीमती नम्रता दुबे ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में ईमानदारी, निष्ठा और सेवा की भावना के साथ आगे बढ? की प्रेरणा दी। इस विशेष दिन छात्र परिषद की नई टीम को अधिकारिक रूप से उनके पद सौंपे गए। विद्यालय के मंच पर छात्र–छात्राओं के चेहरे आत्मविश्वास और गर्व से दमक रहे थे। हेड बॉय अनंत, हेड गर्ल अक्षिता शर्मा, वाइस हेड बॉय श्रेष्ठ माथुर और वाइस हेड गर्ल हितेषी सिंघल को जब बैज पहनाकर सम्मानित किया गया तो सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। इसी क्रम में लिटरेरी कैप्टन मैत्री यादव, कल्चरल कैप्टन अर्शिता पांडेय, स्पोर्ट्स कैप्टन ध्रुव चतुर्वेदी और कोऑर्डिनेटर सात्विक गुप्ता को भी उनके–अपने दायित्व सौंपे गए। मंच पर यह पल गौरव, प्रेरणा और एक नई जिम्मेदारी के भाव से ओतप्रोत रहा। विद्यालय के चार प्रमुख सदनों संस्कार, सत्कर्म, सद्भावना और संस्कृति से भी चुने गए छात्र प्रतिनिधियों को विशेष रूप से उनके कर्तव्यों के लिए बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक प्रतिनिधि को अपने–अपने पदों की गरिमा को बनाए रखते हुए निष्ठा और सत्य के पथ पर चलने की शपथ दिलाई गई। यह शपथ सभी विद्यार्थियों के हृदय में गूंजती रही और उन्हें याद दिलाती रही कि वे अब केवल विद्यार्थी नहीं, बल्कि विद्यालय के नेतृत्वकर्ता भी हैं। कार्यक्रम का समापन पूरे सभागार में गूंजते राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने इस समारोह को एक राष्ट्रीय और सांस्कृतिक चेतना के भाव में लिपटा हुआ समापन दिया। यह आयोजन विद्यालय के इतिहास में एक ऐसा क्षण बन गया, जो न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी गौरव का विषय रहा। के.डी.बी. पब्लिक स्कूल ने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि नेतृत्व, नैतिकता और आत्मविकास की प्रेरणा देने वाली संस्था है। यह अलंकरण समारोह विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त और ऊजार्वान शुरूआत के रूप में याद रखा जाएगा।

## धार्मिक उल्लास और आस्था के साथ संपन्न हुआ श्रीरामलीला भूमि पूजन

गाजियाबाद। श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी (पंजीकृत), संजय नगर के तत्वावधान में मंगलवार को संजय नगर रामलीला मैदान में भूमि पूजन कार्यक्रम भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन से पूर्व पंडित अमलेश झा के वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत हवन–पूजन से संपूर्ण वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक, समिति के पदाधिकारीगण और सदस्यगण उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने विधिविधान के साथ आहुतियाँ समर्पित कर आयोजन की सफलता हेतु प्रभु श्रीराम से मंगलकामना की। समिति के महामंत्री अनुज राघव ने बताया कि रामलीला आयोजन से पूर्व भूमि को शुद्ध, पावन और ऊर्जा से भरने के उद्देश्य से भूमि पूजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा रामलीला की सफलता का आधार है, जो प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से हर वर्ष नई ऊंचाइयों को छूती है। भूमि पूजन कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह चरम पर रहा। इस शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से समिति की संरक्षिका श्रीमती कौशल शर्मा, संरक्षक रविंद्र सिंह राणा, संजीव चौधरी, किरण पाल सिंह तेवतिया, वी.के. अग्रवाल, झम्मन चौधरी, हेमलता चौधरी, रामवती, पन्ना देवी, बबीता, निर्मला कौशिक, संगीता, हरेंद्र यादव, राहुल शर्मा, मनीष पंवार, बंटी, सुनील, उपेंद्र राठी, प्रवीण भाटी, एस.एन. वार्ष्णेय, गौरीशंकर सिंह, मुकेश शर्मा, विपिन त्यागी, दीपक राणा, तुषार चौधरी, हैप्पी नागर, करण सिंह, कन्हैया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में एन.सी.सी. इकाई का भव्य उद्घाटन

**गाजियाबाद।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल के लिए एक स्मरणीय और ऐतिहासिक क्षण बन गया, जब मंगलवार को विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) इकाई की औपचारिक स्थापना एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की राष्ट्रसेवा, अनुशासन और नेतृत्व निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। समारोह की शुरूआत औपचारिक स्वागत भाषण और मंच संचालन से हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य और विशेष अतिथियों का परिचय देते हुए एन.सी.सी. की भूमिका को देश के भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। एंकरिंग में जिस संजीदगी और गर्व के साथ राष्ट्रभक्ति को शब्द दिए गए, वह समारोह को विशेष भावनात्मक गहराई प्रदान कर गया। मुख्य अतिथि आंचल गोयल (उपाध्यक्ष), विद्यालय निदेशक डॉ. सत्येन्द्र कुमार, कर्नल संदीप पांडे (कमांडिंग ऑफिसर, 37 यूपी बटालियन एनसीसी), कर्नल उमेश मारवाह (प्रशासनिक अधिकारी), सूबेदार मेजर हरविंदर सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षिका सुमन आर्य, जय प्रकाश (कार्यालय सहायक प्रमुख) एवं नरेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह दीप ज्ञान, जागरूकता, साहस और अनुशासन का प्रतीक बनकर प्रज्ज्वलित हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने समस्त वातावरण को आध्यात्मिक गरिमा और संस्कारों से भर दिया। पूरे परिसर में राष्ट्र के प्रति निष्ठा और आत्मविकास के संकल्प की ऊर्जा स्पष्ट महसूस हो रही थी। विद्यालय की उपाध्यक्ष आंचल गोयल एवं निदेशक डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि एन.सी.सी. केवल परेड या प्रशिक्षण का नाम नहीं, यह एक जीवनशैली है – जिसमें अनुशासन, एकता, सेवा और साहस का समावेश होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्वयं को तैयार करें। एन.सी.सी. अधिकारियों के प्रेरणादायी भाषण ने विद्यार्थियों में नया जोश भर दिया। विशेष रूप से कर्नल संदीप पांडे द्वारा कैडेट जीवन के अनुभवों और उत्तरदायित्वों की व्याख्या ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा, एन.सी.सी. एक ऐसा मंच है जो विद्यार्थियों में नेतृत्व, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना को गहराई से विकसित करता है।

# दिनेश कुमार गोयल सभापति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समीति की बैठक सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** विधान परिषद सभागार कक्ष लखनऊ में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आशीष गोयल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम लि0 लखनऊ, पंकज विशेष सचिव उर्जा, श्रीमति ईशा दुहन, प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण नि0 मेरठ व अन्य उच्चाधिकारियों के मौजूद रहे। इसमें कई गम्भीर विषयों पर चर्चा की गयी एवं विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए उचित कदम उठाने हेतु सभापति द्वारा निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्राम नरलगढा में राज्य सरकार की 2700 बीघा भूमि पर एन0पी0सी0एल0 के कर्मचारियों के साठ-गाठ कर भू-माफियों द्वारा अवैध रूपर से लगभग 50 टयूववैल के संचालित किये जाने, दादरी विद्युत केन्द्र एवं कुडीखेडा उपकेन्द्र के क्षेत्र में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा की जा रही अनियमितताओं आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, सी पी चन्द, जितेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 रतन पाल सिंह सदस्यगण विधान परिषद व डा आशीष गोयल चेयरमैन विद्युत वितरण निगम लि0, एम0डी0 दक्षिणांचल व अन्य विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

## मामूली विवाद में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, घटना से इलाके में सनसनी



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर:** मामूली विवाद में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, घटना से इलाके में सनसनी। 37 वर्षीय यतेंद्र सिंह के हाथ और टांग में लगी 4 से 5 गोली, घटना के बाद आरोपी फरार। कल गाड़ी लगाने को लेकर हुआ था मामूली विवाद, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस। सूरजमल जटिया अस्पताल ले जाने पर आधे घंटे तक इलाज के लिए भटकता रहा पीड़ित। परिजनों के हंगामे के बाद टूटी डॉक्टरों की नींद, हायर सेंटर रेफर किया गया पीड़ित। पुलिस अधिकारी मौके पर, अरनिया थाना क्षेत्र के गांव गंगावली का मामला।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में जूनियर विंग में गर्ल्स एनसीसी कैडेट की भर्ती की गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में 35 यू पी बटालियन मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के आदेश अनुसार श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में जूनियर विंग में गर्ल्स एनसीसी कैडेट की भर्ती की गई । भर्ती के दौरान 33 लड़कियों ने प्रतिभाग किया। भर्ती में सभी लड़कियों का शारीरिक परीक्षण, लंबाई, वजन व लिखित परीक्षा के पश्चात आठ लड़कियों का चयन किया जाएगा। भर्ती के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, व एन सी सी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने एनसीसी के बारे में छात्राओं को बताया कि एनसीसी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संगठन है। जो युवाओं में अनुशासन नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देता है। यह युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति और नेतृत्व के गुण विकसित करने में मदद करता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार , गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर सोनिया, सब इंस्पेक्टर निशा आर्य, सब इंस्पेक्टर मनीषा, हवलदार देवेंद्र सिंह ,नायब सूबेदार अवतार हुसैन, व विद्यालय के समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# विश्व प्राकृति संरक्षण दिवस पर किया वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया



**डिबाई/बुलंदशहर/**ग्राम घुसराना गैल में संचालित वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी इंटर कॉलिज घुसराना गैल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया कॉलिज प्रबंधक अजय कुमार लोधी ने विश्व प्राकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेकर वृक्षारोपण किया वृक्षारोपण में पूर्व प्रधानाचार्य महेंद्र पाल सिंह देवत्र इंटर कॉलेज कर्णवास एवं कॉलिज प्रधानाचार्य अमर सिंह ने अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं के साथ हर वर्ष आने वाले विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के परिपेक्ष में विभिन्न प्रजाति जैसे गोल्ड मोहर, अशोक, बोतल पाम, आम आदिके पौधे कॉलिज प्रांगण में लगाए इसका उद्देश्य जीव जंतु प्राकृतिक स्त्रोत और वनस्पति विलुप्त हो रही है तथा बढ़ती जनसंख्या ,बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण प्रकृति और पर्यावरण के दोहन के कारण धरती पर जीवन का खतरा उत्पन्न हो रहा है और प्रकृति आपदाएं बढ़ रही हैं और कॉलिज के बच्चों से अपने-अपने घरों घेरों पर पेड़ लगाने की अपील की और कहा अपने-अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाकर एक नई परंपरा की शुरूआत करें इस मौके पर कप्तान सिंह, राजवीर सिंह, रमेश सिंह, चमन लाल, प्यारे लाल शर्मा ,बबली राज लोधी, प्रतिभा रानी, राजेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह,सत्य प्रकाश सिंह, कुमारी सावित्री, कुमारी प्रतिभा, कुमारी सृष्टि ,कुमारी अनु, मौजीराम,विजय सिंह सहित स्कूली छात्राएं मौजूद रहे।

# राष्ट्रभक्ति और गरिमा से सजा एन.सी.सी. उद्घाटन समारोह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल, जो शिक्षा व चरित्र निर्माण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है, ने 29 जुलाई 2025 को अपने प्रांगण में राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया। यह अवसर विद्यालय की अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा को समर्पित भावना का प्रतीक बना। समारोह की शुरूआत औपचारिक स्वागत भाषण से हुई। जिसमें मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा और विशिष्ट अतिथियों का परिचय कराया गया। एंकर ने राष्ट्रनिर्माण और विद्यार्थियों के समग्र विकास में एन.सी.सी. की भूमिका को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सुश्री आंचल गोयल (उपाध्यक्ष), निदेशक डॉ. सत्येन्द्र कुमार, एन.सी.सी. अधिकारी कर्नल संदीप पांडे (कमांडिंग ऑफिसर - 37 यूपी बटालियन एनसीसी, गाजियाबाद), कर्नल उमेश मारवाह (ए.ओ.), सूबेदार मेजर हरविंदर सिंह, वरिष्ठ जीसीआई सुमन आर्य (गर्ल्स कैडेट प्रशिक्षिका), जय प्रकाश (ऑफिस हेड असिस्टेंट), और नरेंद्र सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह दीप प्रज्वलन ज्ञान, शौर्य और जागरूकता का प्रतीक रहा। इसके पश्चात सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण बना दिया। माननीय उपाध्यक्ष सुश्री आंचल गोयल और निदेशक डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी के मूलमंत्र ह्लएकता और अनुशासनह्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को जीवन में साहस, निष्ठा और सेवा की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। एन.सी.सी. अधिकारी द्वारा दिए गए प्रेरणादायी भाषण में एक कैडेट की जिम्मेदारियों और एनसीसी से मिलने वाले जीवन बदलने वाले अनुभवों का वर्णन किया गया। उन्होंने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और छात्रों के उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की।मुख्य अतिथि और एनसीसी अधिकारियों को विद्यालय की ओर से सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, जो उनकी गरिमामयी उपस्थिति और मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक थे। यह उद्घाटन समारोह विद्यालय के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुआ, जिसने विद्यार्थियों में देशभक्ति और निःस्वार्थ सेवा की भावना को और भी मजबूत किया। इस नई शुरूआत के साथ विद्यालय राष्ट्र निर्माण की दिशा में और सशक्त कदम बढ़ाता है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा को स्थानांतरण के उपलक्ष्य में दी भावभीनी विदाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन की फिजाओं में मंगलवार को एक अलग ही भावनात्मक रंग देखने को मिला। अवसर था गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा को स्थानांतरण के उपलक्ष्य में दी जा रही विदाई का। यह कोई साधारण विदाई नहीं थी, बल्कि प्रशासन के उस चेहरे को सम्मान देने का अवसर था, जिसने न केवल योजनाओं को जमीन पर उतारा बल्कि जनता के दिल में जगह बनाई। समारोह में जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंच पर जब श्री मीणा को स्मृति चिह्न भेंट किया गया, तो सभागार तालियों से गूंज उठा। हर चेहरा उनकी विनम्रता, स्पष्टवादिता और प्रशासनिक प्रतिबद्धता को याद कर रहा था। उनके कार्यकाल को वक्ताओं ने ₹जनहित और जवाबदेही के नए मापदंड₹ बताते हुए सराहा। श्री दीपक मीणा के कार्यकाल को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने शांत, दृढ़ और दूरदर्शी नेतृत्व से गाजियाबाद को



न केवल बेहतर प्रशासन दिया, बल्कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करके विश्वास भी अर्जित किया। चाहे कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन हो या आपदा प्रबंधन के दौरान तेज निर्णय क्षमता, जल संरक्षण की योजनाएं हों या किसानों, व्यापारियों और युवाओं की समस्याएं हर मोर्चे पर उन्होंने प्रशंसनीय कार्य किया। जनसुनवाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाना हो या विकास परियोजनाओं की गति को तेज करना डीएम मीणा ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी। उनका प्रशासनिक मॉडल केवल आदेश जारी करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे स्वयं फील्ड में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। यही कारण है कि वे गाजियाबाद के नागरिकों और अधिकारियों दोनों के दिलों में अपनी एक अलग पहचान छोड़ते हैं। विदाई समारोह में जब जिलाधिकारी श्री मीणा ने मंच से अपने विचार व्यक्त किए, तो शब्दों में विनम्रता और आंखों में भावनाओं की झलक साफ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद उनके लिए केवल एक कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह रहा है। यहां बिताया हर क्षण उनके लिए सीख और अनुभव से भरा रहा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि यह जनपद हमेशा उनके हृदय में विशेष स्थान बनाए रखेगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने समारोह को और गरिमा प्रदान की। हर विभाग से जुड़े अधिकारियों ने श्री मीणा के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन के दौरान माहौल भावुक लेकिन गर्व से भरा रहा गर्व एक ऐसे अफसर पर, जिसने गाजियाबाद को सुशासन की नई दिशा दी। इस गरिमामयी विदाई समारोह में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए वीसी अतुल वत्स, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीएफओ ईशा तिवारी, एडीएम (ई) रणविजय सिंह, जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम (एल/ए) विवेक मिश्र, एडीएम (सिटी) विकास कश्यप, एडीएम (एफ/आर) सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम अरुण दीक्षित व राजेन्द्र, जीएमडीआईसी, श्रीनाथ पासवान, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय ने सीबीएसई हॉकी प्रतियोगिता में गाजियाबाद जिले का किया नाम रोशन



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद** । सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 रामपुर में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें बरेली मथुरा देहरादून उत्तराखंड हरिद्वार रामपुर गाजियाबाद मुरादाबाद उत्तराखंड के आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया जिसमें नॉर्थ जोन 1 के सभी स्कूलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 बालिका वर्ग में 20 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें गाजियाबाद की तरफ से श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय हॉकी टीम ने अंडर 17 गर्ल्स कैटेगरी मैं प्रतिभा करते हुए रामपुर में सभी टीमों को एक तरफ मात देते हुए फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ फाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल देहरादून और ठाकुरद्वारा के बीच खेला गया जिसमें मैच ड्रॉ पर रहा और फाइनल शूटआउट में ठाकुरद्वारा को एक जीरो का सामना करना पड़ा सीबीएसई नॉर्थ जोन के सिल्वर मेडल को अपने झोली में डाल लिया इसी के साथ अंडर 17 मैं बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का अवार्ड अनुष्का शर्मा को मिला। स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम शर्मा जी ने टीम का भव्य स्वागत किया और बच्चोंका मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# अत्रेया आयुर्वेद वेलनेस एवं मानवता की ओर एक कदम ट्रस्ट द्वारा 102वां निशुल्क हेल्थ मेला शिविर आयोजन





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** ,गोविंदपुरम मेंन रोड स्थित अत्रेया आयुर्वेदिक वेलनेस प्लॉट नंबर -63, हरसव एंक्लेव पुलिस चौकी गोविंदपुरम आयुर्वेदिक अस्पताल में सामाजिक कार्यों में अग्रणी सामाजिक संस्था -मानवता की ओर एक कदम ट्रस्ट रजि. ने स्वस्थ भारत अभियान के तहत-102 वां हेल्थ मेला शिविर का सफल आयोजन किया। जिसमें शहर के प्रमुख डॉ. रजत कपूर सीनियर फिजिशियन, डॉ .ब्रह्मदयाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ श्वेता त्यागी डाइटिशियन, डॉ. गगन सेंगर एवं डॉ दिव्या त्यागी दंत रोग विशेषज्ञ, सेंटर फॉर साइट आंखों का अस्पताल, डी.एस. डायग्नोस्टिक सेंटर पथैलेब , डॉ ज्योति आयुर्वेद पंचकर्म विशेषज्ञ, डॉ मुकेश सैनी आयुवेर्दा पंचकर्मा विशेषज्ञ, डॉ. सलमान आयुर्वेद विशेषज्ञ, डॉक्टरों की टीम ने अपना विशेष सहयोग दिया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आध्यात्मिक गुरु श्री नवनीत प्रिय दास जी सानिध्य प्राप्त हुआ। डॉ श्वेता त्यागी डायरेक्टर-अत्रेया आयुर्वेद वेलनेस आयुर्वेदिक हॉस्पिटल सभी का आभार व्यक्त किया। इस शुभ अवसर पर संस्था के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव त्यागी राज तुलसी -पुरुष, तुलसी- ऋषि, शिक्षाविद, सचिव आलोक त्यागी भैयाजी, श्री आर. एस. तिवारी, सुशील सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य बबीता त्यागी महल वाला, रॉबिन तेवतिया, शशि, संजय सिक्का, डॉक्टर ममता त्यागी, अंजू त्यागी एवं कार्तिकेय त्यागी, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश हरित भारत अभियान चंद्रर भारद्वाज, हरि ओम पंडित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनधिकृत कॉलोनियों और अवैध निमार्णों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्राधिकरण ने मोदीनगर के कादराबाद, आबिदपुर मानकी और बिसोखर गांव में तीन बड़े स्थलों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया, जहां बिना स्वीकृति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा किया गया, जो प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के स्पष्ट निदेर्शों के अनुपालन में अंजाम दिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्माणकताओं द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके आधार पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई। कार्रवाई के तहत कादराबाद गांव, रोरी फाटक क्षेत्र में खसरा संख्या 728 पर लगभग 9000 वर्ग मीटर, आबिदपुर मानकी गांव के खसरा संख्या 142 पर लगभग 4500 वर्ग मीटर और बिसोखर गांव में खसरा संख्या 335/2 व अन्य पर फैली लगभग 17000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों में की गई बाउंड्री वॉल, सड़क, नाली आदि के निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। बिसोखर में की गई कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय निर्माणकताओं व कथित कॉलोनाइजर द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी और प्राधिकरण की सख्ती के चलते ध्वस्तीकरण कार्य को बिना किसी रुकावट के पूरा किया गया। ध्वस्तीकरण कार्य के दौरान प्राधिकरण अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित लोगों को स्पष्ट संदेश दिया कि वे अनधिकृत कॉलोनियों में न तो भूखंड खरीदें और न ही उसमें निवेश करें। ऐसी कालोनियों में विकास न तो वैध है और न ही भविष्य में मान्यता प्राप्त होगा, जिससे खरीदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस अभियान के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सभी सुपरवाइजर/मेट और प्राधिकरण पुलिस बल की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने संयम, सख्ती और सावधानी के साथ पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

पूरे अभियान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह सक्रिय रहा। जीडीए ने दो टूक कह दिया है कि जनहित में और शहर की सुनियोजित संरचना को बनाए रखने के लिए अवैध कॉलोनियों और अवैध निमार्णों पर सख्त कार्रवाई का अभियान आगामी महीनों में भी जारी रहेगा। इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा समझौता नहीं किया जाएगा।

# फर्जी राजदूत हर्षवर्धन जैन से पुलिस की गहन पूछताछ शुरू

**गाजियाबाद**। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीर्वाड़े की पटकथा लिखने वाले कथित राजदूत हर्षवर्धन जैन के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा और कस दिया है। अदालत से पांच दिन की पुलिस रिमांड मिलने के बाद कविनगर थाना पुलिस मंगलवार को उसे डासना जेल से बाहर लाई और उसे सीधे थाने लाकर गहन पूछताछ शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हर्षवर्धन जैन ने कई देशों के फर्जी दूतावासों का संचालन कर विदेशी नागरिकों और भारत के लोगों को धोखे में रखा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों और संपर्कों की फेहरिस्त लंबी है, जिसे उजागर करने के लिए पुलिस की विशेष टीम ने सवालों की बौछार शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान हर्षवर्धन जैन का वकील भी मौजूद रहा, जिससे यह साफ है कि पुलिस पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत मामला आगे बढ़ा रही है।

# नारियों के सम्मान की रक्षा ना कर सकने वाला समाज जीवित रहने का अधिकार खो देता है: यति नरसिंहानंद

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद** । गाजियाबाद के शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने हरमिलाप मंदिर शिवपुरी में सनातन धर्म की रक्षा,सभी हिन्दुओं के परिवारों की रक्षा,सनातन धर्म के शत्रुओं के समूल विनाश और भक्तगणों की सात्विक मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु किए जा रहे मां बगलामुखी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रीमद्भगदगीता के आधार पर प्रवचन करते हुए कहा कि सनातन धर्म की मूल मान्यताओं के अनुसार जो समाज या व्यक्ति अपनी मां,बहन,बेटी,पत्नी सहित नारियों के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता,उसे जीवित रहने का कोई अधिकार नहीं होता ।इसका सबसे बड़ा प्रमाण महाभारत का युद्ध है जो एक नारी महारानी द्रौपदी के अपमान के प्रतिशोध के लिए योगेश्वर




श्रीकृष्ण द्वारा रचाया गया था। हस्तिनापुर की राजसभा में जितने भी गणमान्य बैठ कर द्रौपदी का अपमान देख रहे थे,उन सभी को योगेश्वर ने मिटने के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया था ।यूं तो अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चलाकर इस शिशु की भी हत्या कर दी परंतु योगेश्वर श्रीकृष्ण ने इस शिशु को जीवनदान दिया। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अपनी इस लीला से सिद्ध किया कि जो भी व्यक्ति,परिवार या समाज अपनी नारियों के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकता, उसको जीवित रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि लव जिहाद जैसी घातक बीमारियों का उपचार केवल श्रीमद्भगवद्गीता के आधार पर ही किया जा सकता है ।इसके अतिरिक्त कोई उपचार नहीं है। उन्होंने हिन्दुओं के घटते हुए जनसंख्या अनुपात और छोटे होते परिवारों को वर्तमान समय की हिन्दुओं की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हमें अपने परिवार,अपनी नारियों सहित अपना अस्तित्व बचाना है तो हिन्दुओं को अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने पड़ेंगे ।अगर हिन्दुओं ने ऐसा नहीं किया तो कोई भगवान अवतार लेकर हिन्दुओं को बचा नहीं पाएंगे। महायज्ञ के पुरोहित पंडित सनोज शास्त्री जी हैं। आज के महायज्ञ के यजमान नरेश गर्ग, पंकज गर्ग थे। दिनेश सिंघल,दीपक अग्रवाल अमर उजाला,नागेश त्यागी,विपुल मित्तल,राजीव गर्ग सुरेश केडिया,सुधीर गुप्ता, अनुज गुप्ता, मयंक सहित अनेक भक्तगणों ने महायज्ञ में आहुति समर्पित की।

# जन सुनवाई में डीसीपी धवल जायसवाल ने सुनी जनता की बात

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए जन सुनवाई की विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके परिणाम भी सार्थक साबित हो रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस उपायुक्त (नगर) धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय पर स्वयं शिकायतकताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। डीसीपी धवल जायसवाल ने कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण अब केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों और शाखा अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर



शिकायत का निपटारा गुणवत्ता के साथ और तय समयसीमा में होना चाहिए। इस जन सुनवाई अभियान के दौरान कई फरियादी अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक, संपत्ति, साइबर अपराध, घरेलू विवाद, और अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों को लेकर पहुंचे। डीसीपी ने प्रत्येक शिकायत पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित शाखा को तत्काल जांच और समाधान के निर्देश दिए। जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे डीसीपी ने कहा कि पुलिस व्यवस्था तभी प्रभावी हो सकती है जब आम जनता को यह विश्वास हो कि उसकी आवाज सुनी जा रही है। हमारी कोशिश यही है कि शिकायतकर्ता को न्याय मिले और उसे बार-बार थानों के चक्कर न काटने पड़ें।

# सुशीला बालिका इंटर कॉलेज में विज्ञान और नवाचार का उत्सव



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। सुशीला बालिका इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मंगलवार को इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2023-24 एवं 2024-25 के अंतर्गत जनपद स्तरीय नवाचार प्रदर्शनी एवं मॉडल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले भर के सभी बोर्डों के कुल 107 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए भाग लिया। इन प्रतिभागियों में से 10 प्रतिशत बेहतरीन मॉडल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल (मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद) ने बच्चों की प्रतिभा को नमन करते हुए कहा कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना जैसे कार्यक्रम छात्रों को न केवल आगे बढे के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें वैज्ञानिक सोच, टीमवर्क और नवाचार की दिशा में गंभीरता से सोचने और कुछ नया करने के लिए मंच प्रदान करते हैं।

# ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा पर जिलाधिकारी की सख्ती

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान डीएम मीणा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील हों, उनकी निरंतर मॉनिटरिंग होती रहे और तय मानकों के अनुसार बैकअप सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कैमरों की रिकॉर्डिंग नियमित रूप से जांची जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या तकनीकी समस्या समय रहते दूर की जा सके। इस निरीक्षण के दौरान कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को और बल मिला।

